आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 348 -● जबलपुर ●शनिवार, 21 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

गुस्से में लाल महिला ने शख्स को कार से एक किलोमीटर घसीटा

बेंगलुरु एजेंसी। बेंगलुरु में दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहां मामूली सी बात पर कार सवार एक महिला ने एक शख्स को कार के बोनट पर करीब एक किलोमीटर तक घसीटा। बताया जा रहा है कि दोनों की कार में टक्कर हुई थी। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान महिला ने अश्लील इशारा किया था। घटना ज्ञान भारती नगर क्षेत्र की है। यहां दो कारों के बीच टक्कर हो गई। एक कार श्वेता नाम की महिला चला रही थी। वहीं दूसरी कार दर्शन नाम का शख्स चला रहा था। दोनों के वाहनों की टक्कर के बाद श्वेता और दर्शन के बीच बहस हुई। आरोप है कि इसी दौरान श्वेता ने दर्शन को बीच की उंगली दिखाकर अश्लील संकेत किया। इस पर आपत्ति जताकर दर्शन महिला की गाड़ी रोककर उससे बात करने के लिए गया। तभी गुस्से में लाल महिला ने दर्शन पर कार चढ़ाने की कोशिश की। खुद को बचाने की कोशिश में दर्शन उसकी कार के बोनट पर आ गया। इस दौरान महिला ने दर्शन को अपनी कार के बोनट पर करीब एक किलोमीटर तक घसीटा। इस हादसे को लेकर पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है।

औरैया में दीवार गिरने से एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत

औरैया,एजेंसी। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के कुदरकोट क्षेत्र में कच्ची दीवार के गिरने से दंपत्ति और उनके पुत्र की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बीती मध्य रात्रि ग्राम पंचायत बीबीपुर के मजरा गोपियापुर गांव में यह हादसा उस समय हुआ जब इंद्रवीर राठौर (45) का परिवार गहरी नींद में था कि कच्चे घर की एक दीवार भरभरा कर ढह गयी। इस हादसे में इंद्रवीर, पत्नी शकुन्तला (42), पुत्र आकाश (15), विकास (12), अनुराग (10) और अंशू (6) गंभीर रूप से घायल हो गये।

कर्नाटक BJP नेता प्रवीण नेतारू मर्डर केस में NIA की कार्रवाई

PFI के 20 सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दायर की

नई दिल्ली एजेंसी। NIA ने कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भाजपा युवा मोर्चा के नेता प्रवीण नेतारू की हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई की है। NIA ने प्रतिबंधित संगठन PFI के 20 सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। एनआईए का कहना है कि इस संगठन का उद्देश्य समाज में आतंक फैलाना और लोगों में डर पैदा करना था। एजेंसी ने बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट में IPC की धारा 120बी, 153ए, 302 और 34 और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 16, 18 और 20 के तहत चार्जशीट दायर की है।

चार्जशीट में कौन-कौन?

एनआईए ने बताया कि चार्जशीट में महद शियाब, ए बशीर, रियाज, मसूद केए, कोडाजे मोहम्मद शेरिफ, एम पैचार, अबुबकर सिद्दीक, नौफल एम, के इकबाल, शहीद एम, महद शफीक जी, इस्माइल के, उमर फारूक एम आर, अब्दुल कबीर सीए, सैनुल आबिद वाई, शेख हुसैन, जकीर ए, मुहम्मद आई शा, एन अब्दुल हारिस, थुफैल एमएच का नाम शामिल है। पीएफआई ने आतंक, सांप्रदायिक घृणा और समाज में अशांति पैदा करने के लिए 'सर्विस टीम' या 'किलर स्क्वॉड' का गठन किया था।

26 जुलाई 2022 को हुई थी BJP नेता की हत्या

26 जुलाई 2022 को कर्नाटक के बेल्लारी निवासी प्रवीण नेतारू की धारदार हथियारों से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। प्रवीण कर्नाटक बीजेपी युवा मोर्चा का जिला सचिव था। प्रवीण की हत्या उस वक्त की गई, जब वह रात में अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। उसी समय मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने तलवार, हंसिया और कुल्हाड़ी से हमला कर प्रवीण की हत्या कर दी थी। नुपूर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट करने के चलते राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल नामक एक व्यक्ति का कट्टरपंथियों ने गला काटकर हत्या कर दी थी। प्रवीण ने भी कन्हैयालाल के समर्थन में बीते साल 29 जून को फेसबुक पोस्ट की थी। ऐसे में माना गया कि इसी के चलते प्रवीण की हत्या की गई।

देश के 23 राज्यों में सक्रिय है संगठन

पॉपुलर फ्रट ऑफ इंडिया यानी PFI का गठन 17 फरवरी 2007 को हुआ था। ये संगठन दक्षिण भारत में तीन मुस्लिम संगठनों का विलय करके बना था। जिनमें केरल का नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट, कर्नाटक फोरम फॉर डिग्निटी और तमिलनाडु का मनिथा नीति पसराई शामिल थे। पीएफआई का दावा है कि इस वक्त देश के 23 राज्यों में यह संगठन सक्रिय है।

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर सरकार के अतिक्रमण हटाने के सर्कुलर पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के उस सर्कुलर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है जिसमें उपायुक्तों को 31 जनवरी 2023 तक रोशनी भूमि और कचहरी भूमि सहित राज्य भूमि पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने हालांकि कोई लिखित आदेश पारित करने पर अपनी अनिच्छा व्यक्त की लेकिन मौखिक तौर पर केंद्र शासित प्रदेश से यह जरूर कहा कि फिलहाल किसी भी घर को ना गिराया जाए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने जम्मू-कश्मीर के वकील से कहा हम आज कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं। आप अथॉरिटी को मौखिक रूप से किसी भी घर को नहीं गिराने का निर्देश दें। हम सामान्य तरीके से रोक नहीं लगाएंगे दूसरों को फायदा नहीं मिलना चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि कई आदिवासी भूमि पर निवास कर रहे हैं और राहत के लिए अदालत का सहारा लिया है। जस्टिस शाह ने पूछा कि अगर स्टे दिया जाता है तो इससे जमीन हड़पने वालों को भी फायदा होगा? केंद्र शासित प्रदेश की ओर से पेश वकील ने स्पष्ट किया कि सर्कुलर मुख्य रूप से रोशनी भूमि पर केंद्रित है।

केरल उच्च न्यायालय ने पूर्व पुलिस महानिदेशक सहित 4 लोगों को अग्रिम जमानत दी

कोच्चि एजेंसी। 1994 के इसरो जासूसी मामले में केरल उच्च न्यायालय ने एक पूर्व पुलिस महानिदेशक सहित चार लोगों को शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल दो दिसंबर को आरोपी को अग्रिम जमानत देने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था और मामले को वापस उच्च न्यायालय के पास भेजकर चार सप्ताह के भीतर इस मुद्दे पर फैसला करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति के बाबू ने अग्रिम जमानत देते हुए उन्हें 27 जनवरी को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसी को निर्देश दिया कि उस दिन आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में उन्हें जमानत दे दी जाए। अदालत ने आरोपियों को उसके बाद अगले दो सप्ताह तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने आरोपी की विदेश यात्रा पर भी रोक लगा दी और एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय को निर्देश दिया था कि याचिकाओं पर नए सिरे से अपने गुण-दोषों के आधार

पर फैसला लिया जाए। शीर्ष अदालत का निर्देश गुजरात के पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार केरल के दो पूर्व पुलिस अधिकारियों- एस विजयन और थम्पी एस दुर्गा दत्त तथा एक सेवानिवृत्त खुफिया अधिकारी पीएस जयप्रकाश को जमानत देने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सीबीआई की अपील पर आया था। श्रीकुमार उस समय खुफिया ब्यूरो के उपनिदेशक थे। सीबीआई ने जासूसी मामले में वैज्ञानिक नंबी नारायणन की गिरफ्तारी और हिरासत में लेने के सिलसिले में आपराधिक साजिश सहित विभिन्न अपराधों के लिए 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

अर्जेंटीना में आए भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 6.5 आंकी गई तीव्रता

एजेंसी। अर्जेंटीना में जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, (स्थानीय समयानुसार) सुबह करीब 3. 39 बजे अर्जेंटीना के कार्डोबा से 517 किमी उत्तर में भूकंप आया. ह्ष्ट्स ने ट्वीट कर जानकारी देते हुए बताया, भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.5 आंकी गई. भूकंप मोंटे कुएमाडो, सैंटियागो डेल एस्टेरो प्रांत, अर्जेंटीना से 104 किमी दूर था. यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के अनुसार, भूकंप 600 किलोमीटर (372.82 मील) की गहराई में आया. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, पराग्वे और अर्जेंटीना में झटके महसूस किए गए. फिलहाल किसी के हताहत होने या भारी नुकसान की कोई खबर नहीं है।



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को फिर 40 दिन की पैरोल

चंडीगढ़ (ईएमएस)। अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की सजा काट रहे राम रहीम को तीन महीने पहले भी 40 दिन की पैरोल दी गई थी। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को शुक्रवार को फिर 40 दिन की पैरोल दी गई। डेरा प्रमुख की आखिरी 40 दिन की पैरोल पिछले साल 25 नवंबर को खत्म हुई थी। वह 14 अक्टूबर को रिहा होने के बाद उत्तर प्रदेश में अपने बरनावा आश्रम गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला ने डेरा प्रमुख की ताजा पैरोल याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि डेरा प्रमुख ने 40 दिनों के पैरोल के लिए एक आवेदन दायर किया था जिसे

रोहतक संभागीय आयुक्त को भेज दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि अपनी पैरोल अवधि के दौरान डेरा प्रमुख के 25 जनवरी को पूर्व डेरा प्रमुख शाह सतनाम सिंह की जयंती कार्यक्रम में भी शामिल होने की संभावना है।

दिल्ली में मौसम ने ली करवट सर्दी से फिलहाल राहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। आईएमडी के मुताबिक अगले सप्ताह शहर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। विभाग ने बताया कि 23 और 24 जनवरी को पंजाब हरियाणा दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी ने दिल्ली हरियाणा और चंडीगढ़ के लिए पूर्वानुमान लगाया है कि ''23 जनवरी को छिटपुट स्थलों पर हल्की बारिश हो सकती है और 24 से 27 जनवरी के बीच विस्तृत क्षेत्र में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती हैं। मौसम विज्ञान कार्यालय ने बताया कि शनिवार को आमतौर पर आसमान साफ रहेगा और न्यूनतम व अधिकतम तापमान क्रमशः 10 डिग्री और 23 डिग्री के आसपास रह सकता है। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों में उत्तर भारत को शीत लहर से राहत मिलेगी। आईएमडी ने कहा '' अन्य सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के 20 जनवरी की रात से 26 जनवरी तक पश्चिमी हिमालीय क्षेत्र के प्रभावित करने की आशंका है और इसका प्रभाव 23 से 25 दिसंबर को पश्चिमोत्तर के मैदानों पर देखने को मिलेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहुंचे बरगी के नादिया घाट

कार्यकर्ता ने किया भव्य स्वागत विधि विधान से किया पूजन

जबलपुर, यशभारत। कमलनाथ आज शनिवार को अपने प्रवास के दौरान बरगी विधानसभा क्षेत्र में नदिया घाट में मध्यप्रदेश कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ महाधिवेशन में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर श्रीनाथ का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिसके बाद कमलनाथ ने विधि विधान से पूजन किया और कार्यकताओं को आगामी चुनाव में मानसिक रूप से तैयार होकर तैयारी में जुट जाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ हेलीकॉप्टर से सुबह करीब 11 बजे बरगी क्षेत्र के नादिया घाट पहुंचे। यहां नर्मदा तट पर पूजन अर्चन करने के बाद कमलनाथ अधिवेशन में भाग लेंगे। यहां युग विभूति विदुषी रिचा गोस्वामी द्वारा श्रीमद् भागवत

कथा का वाचन किया जा रहा है। यहां कुछ देर रुकने के बाद वे 12 बजे हेलीकॉप्टर से जबलपुर आएंगे। कमलनाथ का हेलीकॉप्टर मेडिकल कॉलेज के पास स्थित दद्दा ग्राउंड में उतरेगा।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

एक दिन पहले माता-पिता को दिया था मैरिज एनिवर्सरी पर सरप्राइज, दूसरे दिन कार हादसे में बेटे की मौत

आगरा, एजेंसी। आगरा में सिकंदरा हाईवे पर गुरु का ताल के पास शुक्रवार आधी रात को कार दुर्घटना में कारोबारी के पुत्र की मृत्यु हो गई। वह दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर घर आ रहे थे। आइएसबीटी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। जिसमें कारोबारी पुत्र की मृत्यु और उनका एक दोस्त घायल हो गया।

दिल्ली में पढ़ाई कर रहे थे हृदिम

कमला नगर में मुगल रोड स्थित अनुपम हाईट्स अपार्टमेंट के रहने वाले अभिषेक गुप्ता और उनकी पत्नी आरती गुप्ता अभिती ग्रुप आफ कंपनीज के निदेशक हैं। उनके 19 वर्षीय पुत्र हृदिम दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। अभिषेक और आरती की 20 जनवरी को शादी की वर्षगांठ थी। हृदिम माता-पिता की वर्षगांठ मनाने आगरा आए थे। शुक्रवार की रात को उनके एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी भी थी। वह उसमें शामिल होकर घर आ रहे थे। कार में उनके साथ दोस्त रिदिम पुत्र मनीष अग्रवाल निवासी कमला नगर भी थे। आइएसबीटी के पास कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें हृदिम और रिदिम गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई। यहां पर डाक्टरों ने हृदिम को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल रिदिम का उपचार चल रहा है। पुलिस ने कारोबारी दंपती को हृदिम की मौत की जानकारी दी तो घर में कोहराम मच गया। परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि मनीष अग्रवाल मूलरूप से नई बस्ती फिरोजाबाद के रहने वाले हैं।

हृदिम ने दिया था माता-पिता को सरप्राइज

हृदिम की मौत से परिवार का बुरा हाल है। उन्होंने माता-पिता की शादी की वर्षगांठ पर पर बिना बताए आकर सरप्राइज दिया था। बेटे के आने से माता-पिता बेहद खुश थे। मगर, कुछ ही घंटों बाद दुर्घटना में उनकी मृत्यु की खबर ने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया।

मॉस्को-गोवा फ्लाइट को मिली बम से उड़ाने की धमकी, विमान को उज्बेकिस्तान किया गया डायवर्ट

पणजी, एजेंसी। मॉस्को से गोवा जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद प्लेन को उज्बेकिस्तान के लिए डायवर्ट किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के अनुसार, रूस की राजधानी मास्को से 240 यात्रियों को लेकर गोवा जा रहे एक चार्टर्ड विमान में शनिवार तड़के बम की धमकी मिली। इसके बाद विमान को उज्बेकिस्तान की ओर मोड़ दिया गया। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी।

गोवा लैंडिंग से पहले विमान किया गया डायवर्ट

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विमान को सुबह सवा चार बजे दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाईअड्डे पर उतरना था। उन्होंने कहा कि अजूर एयर द्वारा संचालित फ्लाइट (ड्ड2463) को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले डायवर्ट किया गया है। अधिकारी ने कहा डाबोलिम हवाई अड्डे के निदेशक को 12.30 बजे विमान में बम लगाए जाने के बाद एक ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसके बाद विमान को डायवर्ट किया गया।

मॉस्को-गोवा फ्लाइट की जामनगर में हुई थी लैंडिंग

बता दें कि यह घटना ऐसे समय हुई है, जब मास्को से गोवा जाने वाली एक उड़ान में पिछले सप्ताह ही बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद मॉस्को-गोवा फ्लाइट की गुजरात के जामनगर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की गई थी।

मुख्य मार्गों पर लग रहा जाम
अवैध पार्किंग स्थल से बन रही स्थिति

जबलपुर, यशभारत। मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या बढ़ते जा रही है। सड़क पर आने जाने वाले परेशान हो रहे हैं। ज्यादातर जाम पार्किंग के कारण लग रहा है। लोगों ने मुख्य मार्गों को ही पार्किंग स्थल बना लिया है। क्योंकि सड़क के किनारे स्थित अधिकतर दुकान संचालकों ने पार्किंग की जगह पर दुकानें लगा ली हैं। बिना पार्किंग के व्यापार किया जा रहा है। लोग सड़क पर वाहन पार्क कर रहें हैं।

करमचन्द चौक से

अंधेरदेव / इस ओर जाने वाले मार्ग पर एक बैंक है। इस बैंक के ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़ा कर रहे हैं और कुछ लोग यहां आने वाले ग्राहकों से वाहन स्टैण्ड के नाम पर वसूली कर रहे हैं। वैसे यह मार्ग यातायात के लिहाज से संकरा हो गया है। यहां दिन भर जाम लगता है। बैंक की पार्किंग के कारण जाम की समस्या और बढ़ गई है।

रसल चौक से इंक

टैक्स चौराहा / रसल चौक पर ज्यादातर होटलें हैं। यहां अस्पताल भीं हैं। कुछ होटलों में तो बार भी चलता है। इनमें से अधिकांश होटलों की पार्किग सड़क पर है। शाम होते ही सड़क पर वाहन पार्किंग की लंबी कतार लग जाती है। शराब दुकान के सामने तो सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं।

इन मार्गों पर सबसे ज्यादा लगता है जाम

करमचंद चौक से नौदरा ब्रिज / नौदराब्रिज से करमचंद चौक मार्ग पर मोबाइल व मोबाइल ऐसेसरीज का बड़ा मार्केट है। यहां बने मार्केट में पार्किंग के लिये बेसमेंट भी बनाया गया है। लेकिन पार्किंग की जगह पर दुकानें खुल गई हैं। ये कमाल कैसे हुआ? यह तो नगर निगम का भवन शाखा ही बता सकता है। रसल चौक से चौथा पुल/ इस मार्ग पर अवैध पार्किंग के चलते राहगीरों निकलना दुश्वार हो गया है। शाम के समय तो यहां से निकलना मतलब लंबे में जाम की मुसीबत में फंसने जैसा है। इस मार्ग पर अस्पताल, कपड़े और कई पुराने वाहन विक्रेता की दुकानें हैं। ज्यादातर लोगों के पास पार्किंग नहीं है। मालवीय चौक से गोलबाजार / इस ओर जाने वाले मार्ग पर भी कब्जा बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग के दोनों तरफ पैदल चलने वालों के लिये जगह नहीं बची है। इस मार्ग के दोनों तरफ के रहवासी और व्यापार करने वालों ने पैदल चलने वालों की जगह पर कब्जा जमा लिया है। वहां वाहन पार्क करते हैं। एक व्यापारिक प्रतिष्ठान ने तो सड़क किनारे वाहन स्टैण्ड ही खुलवा दिया है।

मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. गीता गुइन की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें अधिष्ठाता द्वारा नए एंटीबायोटिक्स की खोज की रफ़्तार धीमी होने एवं एंटीबायोटिक्स से रेज़िस्टंट बैक्टीरिया के संक्रमण की रफ़्तार बढ़ने के कारण इस विषय की प्रासंगिकता से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. रीति जैन सेठ द्वारा इस वर्कशॉप के विषय में बताया गया कि इसमें हॉस्पिटल के अंदर एंटीबायोटिक्स रेसिस्टेंट इंफेक्शन से मरीज और हेल्थकेयर वर्कर्स को कैसे बचाया जा सकता है इस पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. जितेंद्र भार्गव, डॉ. लक्ष्मी सिंगोतिया, एवं डॉ. अशोक विद्यार्थी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में डॉ. मनीष नागेंद्र, डॉ. ममता ग़ौर ,डॉ. श्रुति असाती, डॉ. कुमकुम मडोरिया, डॉ. सीमा बिसने एवं डॉ. सोनिया भारती द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें विभिन्न क्लिनिकल विभागों के कंसल्टेंट एवं नर्सिंग टीम से 35 प्रतिभागी सम्मिलित हुए एवं इस वर्कशॉप का ऑनलाइन प्रसारण भी किया जा रहा है जिसमें लगभग 85 प्रतिभागी शामिल हैं।

तो क्या 29 जनवरी को इस स्टेशन में थम जाएंगे ट्रेनों के पहिए...?

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल्वे के उचेहरा स्टेशन में कोरोना काल के दौरान बन्द ट्रेनों का पुनः ठहराव न दिये जाने के कारण व्यापारी संघ उचेहरा द्वारा 29 जनवरी 2023 को रेल रोको विशाल जन आन्दोलन किये जाने का निर्णय लिया है इस संबंध में उचेहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पवन ताम्रकार ने बताया कि नागौद विधानसभा का एकलौता पश्चिम मध्य रेल का उचेहरा रेल्वे स्टेशन में कोरोना काल से बन्द ट्रेनों को पुनः न रोकने के कारण शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया, रोगियों को उपचार हेतु बाहर जाने में असुविधा, मजदूरों को मजदूरी करने के लिए आने जाने में असुविधा, व्यापारियों के व्यवसाय करने में असुविधा, उपर्युक्त कारणों के अनुसार शासन के लोकहित नियमों के तहत रोकी गई ट्रेनों को पुनः ठहराव न दिए जाने के कारण व्यापारी संघ ने एक आवश्यक बैठक कर 29 जनवरी 2023 को रेल रोको विशाल जन आन्दोलन का निर्णय लिया है। जिसमें सतना जिले के समस्त क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, जनपद पंचायत उचेहरा के अंतर्गत जनपद सदस्य सरपंच, पंच भारतीय किसान यूनियन, मानव अधिकार आयोग, वैश्य महा सम्मेलन वैश्य परिषद एवं महिला मोर्चा एवं समस्त समाज सेवी संस्थाएँ, क्षेत्रीय जनता का समर्थन प्राप्त है। उस दिन समस्त व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर रेल रोको विशाल जन आन्दोलन में सहयोग प्रदान करेगें।

पूर्व में था इन गाड़ियों का स्टॉपेज

1. ट्रेन नंबर 12189-12190 महाकौशल एक्सप्रेस 2ट्रेन नंबर 15159-15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 3. ट्रेन नंबर 15205-15206 चित्रकूट लखनऊ एक्सप्रेस 4. ट्रेन नंबर 18247-18248 रीवा-बिलासपुर- रीवा एक्सप्रेस 5. ट्रेन नंबर 11751-11752 रीवा-चिरमिरी मेल एक्सप्रेस इसके साथ ही पूर्व से ट्रेन संख्या 15231-15232 गोदिया बरौनी की उचेहरा स्टेशन में स्टापेज की माँग लगातार की जा रही है। गोदिया बरौनी ट्रेन कटनी से सतना आने में रेल्वे समय सारणी के अनुसार 2-10 घण्टे का समय लेती है जबकि सभी एक्सप्रेस ट्रेने कटनी से सतना 130 मिनट में पहुचती है। इस ट्रेन का अनाफिशियल ठहराव उचेहरा रेल्वे स्टेशन में सप्ताह से 2 से 3 दिन हो जाता है। इस ट्रेन के स्टापेज से मिर्जापुर पीतल नगरी से उचेहरा फूल (कांसा) बर्तन की नगरी का जुड़ाव हो जायेगा जिससे रेल्वे को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। इसके पूर्व भी कई बार उचेहरा में ठहराव हेतु पत्राचार किया जा रहा है विन्तु आज तक कोई भी कार्यवाही नही होने से क्षेत्रीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

श्री राम महाविद्यालय में त्रि दिवसीय जिला स्तरीय रोलप्ले प्रतियोगिता का समापन

जबलपुर, यशभारत। श्री राम महाविद्यालय माढ़ोताल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 3 दिवसीय रोलप्ले प्रतियोगिता समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाकौशल के हिंदी वेब भाग्य डॉक्टर अरुण शुक्ला केरियर गाइडेंस के सामान्य एवं जिला निर्वाचन मतदाता जागरूकता के समावेश प्रमोद श्रीवास्तव एवं श्री राम ग्रुप के डायरेक्टर आरके करसोलिया रामेंद्र करसोलिया श्री एलके पटेल डॉक्टर भरत सोलंकी डॉक्टर आशीष गुप्ता के साथ समस्त श्री राम महाविद्यालय का टॉप सराहनीय रहा इस अवसर पर श्री निर्णायक संतोष राजपूत सुश्री पूजा केवट रहे जिला स्तरीय रोलप्ले प्रतियोगिता में स्थान स्थान पर श्री राम महाविद्यालय द्वितीय स्थान पर जैसी महाविद्यालय तृतीय स्थान पर सेंट अलोयसियस महाविद्यालय रहे इस अवसर पर इन महाविद्यालय एवं सो नोडल अधिकारियों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ मिश्रा परीक्षा नियंत्रक एवं द्वितीय में माल डायरेक्टर डॉ गिरीश बिल्लौर ए द्वितीय दिवस में जिसमें मुख्य अतिथि जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ पी के प्रचार डॉक्टर पीके इन गे विशेष अतिथि डॉ कमल कुशवाहा पुत्री सत्र में मुख्य अतिथि श्री ऋषभ कुमार ऋषभ कुमार जैन एसडीएम अधारताल एवं विशिष्ट अतिथि श्री राजेश कुमार सिंह तहसीलदार अधारताल जबलपुर रहे।

संभागीय संयुक्त संचालक का कर्मचारी संघ ने किया अभिनन्दन

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संगठन के पदाधिकारीयों की ओर से जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने पुष्पहार,मोमेंटो और श्रीफल देकर संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा डॉ राम कुमार स्वर्णकार का अभिनन्दन किया। डी के खरे , श्रीमती शकुंतला बर्मन, श्रीमती आशा सिसोदिया,चंदा सोनी, पुष्पा रघुवंशी, सीमा पटेल, हेमलता तिवारी,श्री अरविन्द विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान

महाकौशल को लेकर शिवराज की नौटंकी शुरू

जबलपुर, यशभारत। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज जबलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बरगी विधानसभा क्षेत्र स्थित मां नर्मदा के नादिया घाट में पूजन अर्चन किया। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार को चुनाव के सात महीने पहले महाकौशल की याद आने लगी है। यह चुनावी नाटक-नौटंकी है। भाजपा सरकार को विकास यात्रा फ्रॉड यात्रा हैं। चुनाव के 7 महीने पहले जनता का ध्यान मोड़ने की राजनीति की जा रही है और जनता को गुमराह किया जा रहा हैं।

बीजेपी ने धर्म का ठेका नहीं लिया है

बीजेपी ने कोई धर्म का ठेका नही लिया हैं। हम अपनी धार्मिक भावनाओं को सियासी मुद्दा नहीं बनाते हैं। भाजपा धर्म के आधार पर राजनीति करती हैं। उन्होंने कहां ये हमारी अंधुरनी भावना हैं। हम धर्म की पब्लिसिटी नहीं करते हैं। मैंने देश का सबसे बड़ा हनुमान मंदिर बनाया। यह मैंने अपनी भावना से बनाया हैं। सबकी अपनी भावनाएं होती हैं। मैंने भोपाल में भी पूजा की हैं। आज मुझे जबलपुर में नर्मदा नदी का पूजन अर्चन करने का सौभाग्य मिला हैं।

जनता करेगी चुनाव में फैसला

अफसरशाही को लेकर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहां सभी का गवर्नमेंट चलाने का अपना-अपना स्टाइल होता है। शिवराज सिंह का अपना स्टाइल है। अफसर भी उन्हें अच्छी तरह से समझते हैं। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहां मुझे मध्य प्रदेश की जनता पर पूरा विश्वास है। जनता मध्य प्रदेश की तस्वीर सामने रखकर मध्य प्रदेश का भविष्य सुनिश्चित करेंगे और सच्चाई का साथ देंगे।

पूर्व मंत्री की चुनौती स्वीकर

मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ने की चुनौती को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने स्वीकार किया है। जबलपुर प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गौरीशंकर बिसेन के चैलेंज को स्वीकार करते हुए कहा है कि छिंदवाड़ा में उनका स्वागत है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने यह भी कहा कि जब उन्हें बालाघाट से टिकट नहीं मिल रही है तो वह भागकर छिंदवाड़ा आ रहे हैं पर छिंदवाड़ा आने पर भी मैं उनका स्वागत करता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं और जनता पर पूरा भरोसा है कि प्रदेश कि जनता सच्चाई का साथ देगी।

कलेक्ट्रेट में बीमार युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

कलेक्टर ने दी 10 हजार की सहायता राशि

गरीबी के चलते युवक नहीं करा पा रहा था पैर का ऑपरेशन, एसडीएम ने मेडिकल में कराया भर्ती

जबलपुर, यशभारत। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब मदद मांगने आया युवक रोते-रोते अचानक जेब से गोलियां निकालकर खाने लगा। युवक का कहना था कि उसकी माली हालत ठीक नहीं है, ऐसे में वह अपना इलाज नहीं करा पा रहा है। ऐसे जीवन से मर जाना ही बेहतर है। जिसके बाद युवक की पत्नी ने दौड़कर उसे सम्हाला और गोलियां निकालकर फेंकी। जिसके बाद मौके पर ही कलेक्टर ने युवक की फरियाद सुनी और रेडक्रॉस से इलाज हेतु 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इतना ही नहीं युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए एसडीएम की कार से युवक को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे सनील चौधरी ने बताया कि वह शाही नाका का निवासी है। आठ साल पहले उसके एक पैर का ऑपरेशन हुआ था, अब दूसरे पैर का भी ऑपरेशन होना है। लेकिन उसके पास जो जमा पूंजी थी वह खर्च हो चुकी है।

....मर ही जाऊं तो बेहतर है साहब

कलेक्ट्रेट में गहमागहमी के बीच कलेक्टर एसके सुमन ने उसकी समस्या पूछी और ढांढस बंधाते हुए तत्काल रेडक्रॉस से दस हजार रुपये दिलवाते हुए उसके पूरे इलाज का आश्वासन भी दिया। इस दौरान पीड़ित ने कहा कि वह बीमारी के कारण तंगहाली में जीवन गुजर रहा है। ऐसे जीवन से तो मर जाना बेहतर है। अब वह जिंदा नहीं रहेगा। जिसके बाद कलेक्टर श्री सुमन ने पीड़ित युवक को तत्काल मेडिकल में भर्ती करवाया।

चार बच्चे है, 8 साल से है बेरोजगार

पीड़ित ने बताया कि वह चार बच्चों का बाप है और बीमारी के चलते पिछले आठ सालों से बेरोजगार है। इलाज में उसका पूरा पैसा खर्च हो चुका है। अब वह पाई-पाई को मोहताज है।

पत्नी ने कहा-किसी ने नहीं की मदद

पीड़िता आरती चौधरी ने कहा कि पत्नी बीमार है। लिहाजा उन्होंने शहर के जनप्रतिनिधियों के घर जा-जाकर भी मदद की गुहार लगाई। लेकिन किसी ने उनकी एक ना सुनी और मदद के नाम पर केवल कोरे आश्वासन ही दिए। जिससे कारण पति की मानसिक स्थिति भी खराब है।

दंपत्ति से मारपीट कर मामा-भांजे ने घोंपे चाकू

रंजिशन वारदात को दिया अंजाम

जबलपुर, यशभारत। तिलवारा में पुरानी रंजिश को लेकर मामा और भांजे ने दंपत्ति से जमकर विवाद कर पहले तो मारपीट की और फिर विरोध करने पर चाकू घोंपकर मौके से फरार हो गए। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राहुल बर्मन 26 वर्ष निवासी तिलवाराघाट ने बताया कि देर रात वह तथा पत्नी घर पर थे । उसी समय मोहल्ला का दुर्गेश बर्मन अपने भांजे नितिन बर्मन के साथ उसके घर आया और गाली गलौज की बात को लेकर दोनों ने उसे बाहर बुलाया। वह अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर आया तभी दोनों ही आरोपियों ने मारपीट करते हुए नुकीले हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

अधारताल में वाइन शॉप कर्मी के घर में घुसकर मारपीट

दंपत्ति को मोहल्ले में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के जयप्रकाश नगर में देर रात तीन युवकों ने जमकर कोहराम मचाया। दरअसल वाइन शॉप कर्मचारी अपने घर में सो रहा था। तभी तीनों युवक उसके घर में पहुंचे और जमकर गालीगलौच कर, दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग बचाने दौड़े, तब कहीं जाकर आरोपी मौके से भागे। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शंकर सोनी पिता दयाशंकर सोनी 34 साल ने बताया कि वह जयप्रकाश नगर अधारताल का निवासी है और पेशे से कांचघर स्थित वाइन शॉप में कर्मचारी है। देर रात सचिन तिवारी अपने साथियों के साथ आया और जोर-जोर से घर के सामने गालियां देने लगा। तीनों घर में घुसकर उत्पात मचाने लगे। जब दंपत्ति बाहर निकले तो आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी। पुलिस अब आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

मालगाड़ी से कटकर वृद्ध ने तोड़ा दम

जबलपुर यश भारत। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक मैं उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब एक 59 वर्षीय वृद्ध ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली इस घटना की जानकारी जैसे ही अन्य लोगों को लगी तो घटनास्थल पर कुछ ही देर में काफी भीड़ जमा हो गए इस घटना की सूचना जीआरपी को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि तिलहरी विजन महल निवासी 59 वर्षीय अरविंद श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय काशी प्रसाद श्रीवास्तव ने अज्ञात कारणों के चलते इस आत्मघाती कदम उठाया गया घटना इतनी जबरदस्त हुई थी वृद्ध का शव दो टुकड़ों में हो गया जीआरपी ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना को विवेचना में लिया है/

अधारताल में दो चाकूबाज धराए

रंजिशन देने जा रहे थे वारदात को अंजाम, पहुंच गई पुलिस

जबलपुर, यशभारत। अधारताल में पुरानी रंजिश को लेकर पन्नी मोहल्ला में दो बदमाशा बटनदार चाकू लेकर वारदात को अंजाम देने जा ही रहे थे, तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को दबोच लिया। जिनकी तलाशी लेने पर मिले चाकुओं को जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राहुल झारिया 31 वर्ष और आशीष बैरागी पिता नारायण बैरागी 32 वर्ष दोनों निवासी पन्नी मोहल्ला, रंजिशन पीड़ितों को धमकाने जा रहे थे। जो कमर में चाकू खोंसे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया।

लाखों के गहने चोरी

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के सिंधी कैंप में घर की ऊपरी मंजिल में सो रहे मकान मालिक के ग्राउंड फ्लोप के कमरों में चोरी हो गई। चोर लाखों के जेवरात पार कर फुर्र हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION JABALPUR
(SEWER) Manas Bhaan Building Wright Town Pin-482002 E-mail- jnnurm@rediffmail.com
N.I.T. No. : Sewer/2022-2023/PRO/678 Dated : 20/01/2023

Notice Inviting e-Tenders

Municipal Corporation Jabalpur invites Online perecentage rate bids for the following works from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria -

S. No.	Name of Work	Probable Amount (Rs. In lakhs)	Completion Period (months)
1	Survey, Drawing, Design & Construction of 01 MLD Capacity Sewage Treatment Plant (STP) at Babha Nalla near PM Awas, Paraswara complete in all respect including 05 years of Operation & Maintenance of complete project.	3,61,68,498/- (Three Crore Sixty one Lakhs Sixty Eight thousand Four hundred Ninety eight only) + GST	06 Months (for construction)
2	Survey, Drawing, Design & Construction of 500 KLD Capacity Sewage Treatment Plant (STP) near Jain Gaushala Nala, Tilwara complete in all respect including 05 years of operation & Maintenance of complete project.	2,15,05,030/- (Two Crore Fifteen Lakhs Five thousand Thirty only) + GST	06 Months (for construction)
3	Survey, Drawing, Design & Construction of 700 KLD Capacity Sewage Treatment Plant (STP) at Gaur Pull Drain, near Gaur Pull, including RCC Drain, Sewer Line laying, manhole construction, house connections & other allied works complete in all respect including 05 years of Operation & Maintenance of complete project.	3,37,91,739/- (Three Crore Thirty seven Lakhs Ninety one thousand Seven hundred Thirty Nine only) + GST	06 Months (for construction)

(1) Interested bidders can view the NIT on website http: // www.mptenders.gov.in. (2) The Bid Document can be purchased & submitted only online from Date 23.01.2023, 10.30 AM to 21.02.2023, 05.30 PM. (3) Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. (4) Applicable UADDSOR w.e.f. 2021 up to date amendment.

Executive Engineer (Sewer)
Municipal Corporation Jabalpur

कर्मचारी संघ के 163 मुद्दों में से 25 का बैठक में ही निराकरण

जबलपुर रेल मंडल द्वारा तृतीय रोजगार मेले के तहत 123 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए

जबलपुर यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रेक्षाग्रह में तृतीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया.इस अवसर पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भी वर्चुअल रूप से सभागार से जुड़े तथा नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित किया.उन्होंने बताया कि भर्ती प्रकिया में बदलाव कर इसे और पारदर्शी बनाया गया हे तथा पदोन्नति की प्रक्रिया में भी सुधार किया गया है. इस मौके पर जबलपुर के सांसद राकेश सिंह भी सभागार में उपस्थित थे.इस अवसर पर खाद प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा रेलवे में विभिन्न सेवाओ के लिए चयनित किये गए 123 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए.इनमे स्टेशन मास्टर के 60 फार्मासिस्ट के 02 जूनियर इंजिनियर के 17 तथा टेकनीशियन के 36 तथा अनुकम्पा के 8 पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए. इस अवसर पर जबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पाण्डेय ,मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक रविन्द्र त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र सिंह गौर भी उपस्थित थे.निकट भविष्य में अभी और भी रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है जिसमे की केंद्र सरकार के विभिन्न संस्थाओ की रिक्त पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जायेंगे।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

जबलपुर, यशभारत। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज शनिवार को शक्तिभवन में शुरु हुई। कर्मियों की मांग है कि आउट सोर्स, मीटर रीडर कर्मियों को संविलियन कर मानव संसाधन नीति बनाई जाए और जनसंकल्प 2013 को पूरा किया जाए। वहीं, कर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद विद्युत विभाग के कार्य बाधित होते हुए नजर आ रहे है। यदि जल्द ही कर्मियों की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो विद्युत सप्लाई की स्थिति गड़बड़ा सकती है।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग
निविदा आमंत्रण सूचना
N.I.T. NO/ PWD/ e-Tendering/ PRO/ 680 Dated 20/01/2023
पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	पैकेज/ कोड	कार्य का नाम	जिला	अनुमानित लागत (लाख में)	निर्माण अवधि (माह में)
1.	संभाग क्रं- 11	रानी अवंती बाई वार्ड में जमतरा पुलिया से स्टेशन मार्ग एवं दुर्गामंच से सीताराम यादव के घर तक सीमेन्टीकरण का कार्य एवं (संलग्न सूची अनुसार) पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 3.97 लाख. तीन लाख सन्तान्वे हजार रूपये मात्र	02 माह
2.	संभाग क्रं- 11	रानी अवंती बाई वार्ड में बिलहरी में सीमेन्टीकरण का कार्य एवं (संलग्न सूची अनुसार) पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 4.19 लाख, चार लाख, उन्नीस हजार रू. मात्र	02 माह
3.	संभाग क्रं- 11	रानी अवंती बाई वार्ड में परसवाड़ा में नारायण पटेल के घर के पास एवं (संलग्न सूची अनुसार) सीमेन्टीकरण का कार्य। पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 4.10 लाख चार लाख दस हजार रूपये मात्र	02 माह
4.	संभाग क्रं- 11	रानी अवंती बाई वार्ड में कटियाघाट बस्ती क्षेत्र में एवं (संलग्न सूची अनुसार) सीमेन्टीकरण का कार्य। पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 4.17 लाख चार लाख सत्रह हजार रूपये मात्र	02 माह
5.	संभाग क्रं- 11	रानी अवंती बाई वार्ड में गौरैयाघाट बस्ती क्षेत्र में एवं (संलग्न सूची अनुसार) सीमेन्टीकरण का कार्य। पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 4.19 लाख चार लाख उन्नीस हजार रूपये मात्र	02 माह
6.	संभाग क्रं- 11	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड कजरवारा खेरमाई मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक का कार्य। पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 3.41 लाख, तीन लाख, इकतालीस हजार रू. मात्र	02 माह
7.	संभाग क्रं- 11	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में खेरमाई मंदिर के आगे कजरवारा में हाईस्कूल के पास, जवाहर बरकड़े के घर के पास से खेरमाई पास तक नाली एवं पुलियों का निर्माण कार्य पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 2.50 लाख, दो लाख, पचास हजार रू. मात्र	02 माह
8.	संभाग क्रं- 11	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड पार्वती कॉलोनी धोबीघाट यशोदा/ कंधी के मकान से पाल अंकल के घर तक सड़क निर्माण कार्य । पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 3.11 लाख, तीन लाख, ग्यारह हजार रू. मात्र	02 माह
9.	संभाग क्रं- 11	सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड में सिविल लाईन सांई मंदिर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य । पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 3.05 लाख, तीन लाख,पांच हजार रू. मात्र	02 माह
10.	संभाग क्रं- 11	पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड 54 के अंतर्गत जोएस ठाकुर के ऑफिस के सामने अरूण वर्मा के मकान से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य । पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 2.836 लाख, दो लाख, तेरासी हजार छैः सौ रू. मात्र	02 माह
11.	संभाग क्रं- 11	वार्ड क्र. 54 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के अंतर्गत पुलिस लाईन हांकी ग्राउंड से राम मंदिर तक रोड निर्माण कार्य ।.पार्षद अनुशंसा	जबलपुर	रु. 2.55 लाख, दो लाख, पचपन हजार रू. मात्र	02 माह

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण http://mptenders.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 24.01.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 10.02.2023सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

कर्मचारी कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता :डी.आर.एम.

जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल के कर्मचारियों की समस्याओ पर मंडल रेल प्रशासन एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के साथ हुई स्थाई वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.)में कर्मचारी हित के अनेक निर्णय लिए गए मंडल सभागार में आयोजित उक्त पी.एन.एम. बैठक में डी.आर.एम. विवेक शील ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कर्मचारी कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, मंडल के रेल कर्मचारियों ने अपनी मेहनत से कई उपलब्धियां हासिल की है।

उन्होंने संघ को सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व् सभी कर्मचारियों को अपनी बेहतर सेवा देने का आव्हान किया. श्री शील ने मंडल में कर्मचारियों के हितो में किये जा रहे विभिन्न कार्यो की जानकारी देते हुए कर्मचारी संघ के 163 मुद्दों में से 25 का बैठक में ही निराकरण एवं शेष को विचाराधीन रखा इस अवसर पर रेल प्रशासन के अपर मंडल रेल प्रबंधक सर्व दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, मंडल के शाखा अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, देवेश सोनी , डॉ मधुर वर्मा, मनीष पटेल, संजय मनोरिया, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. बीसीएस राव, विराट गुप्ता , रोहित रघुवंशी, संजय कुमार, अरविन्द पांडे, पंकज सिन्हा, डी.के.शुक्ला, सीएल बैरवा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे बैठक में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव डी.पी.अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एस.एन.शुक्ला, हर्ष वर्मा, डॉ.मोहम्मद शमशाद, श्रीमती नम्रता सोलंकी, सुनील जाट, अशोक कुमार पाठक, एस आर बाउरी आदि भी उपस्थित थे. इस अवसर पर संघ ने रेलवे कर्मचारियों के पदोन्नति, एम.ए.सी.पी., ओवर टाइम, पदोन्नति, वरीयता, लोको रनिंग स्टाफ को वाटर बाटल, रनिंग रूम व्यवस्थाओ में सुधार, रेलवे अस्पताल में दबाईयों की पूर्ति, एस एंड टी स्टाफ को टूल्स पूर्ति, नाइट ड्यूटी का भुगतान, रेल आवास, एवं रेल पथ की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों की विभिन्न समस्यों को प्रस्तुत किया. दो दिवसीय इस बैठक में अधिकारियो ने कर्मचारियों की समस्याओ पर गंभीरता से विस्तृत चर्चा करके अनेक निर्णय लिए/



अत्यंत गंभीर सवाल

यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से अपेक्षाकृत बेहतर है। जिस समय भारत के दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने की चर्चा गर्म है, ये सवाल अहम सवाल भी चर्चित है कि आखिर आबादी की मौजूदा स्थिति से बीच देश जनसंख्या संबंधी लाभ उठा पाएगा? अब चार साल बाद आई शिक्षा की स्थिति पर वार्षिक सर्वे रिपोर्ट (असर) ने इस सवाल को और भी प्रासंगिक बना दिया है। असर से हर साल भारत की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता की तस्वीर सामने आती रही है। चूंकि दो से अधिक साल तक स्कूल कोरोना महामारी के कारण बंद रहे, इसलिए ये रिपोर्ट तैयार करने वाली संस्था भी अपना पूरा आकलन पेश नहीं कर पाई। 2022 में जाकर उसने व्यापक रूप से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता का अध्ययन किया। ताजा रिपोर्ट से यह तो उत्साहवर्धक सूचना सामने आई है कि महामारी के बाद स्कूलों में छात्रों की मौजूदगी सामान्य हो चुकी है। दरअसल, स्कूलों में दाखिला का प्रतिशत महामारी के पहले से भी ऊंचा हो गया है। लेकिन इस रिपोर्ट से महामारी के दौरान शिक्षा ग्रहण करने में हुए नुकसान का विवरण भी सामने आया है। मसलन, यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से बेहतर है, जबकि आम तौर पर प्राइवेट स्कूलों में अपेक्षाकृत समृद्ध घरों के बच्चे पढ़ने जाते है(बहरहाल, यह सूरत प्रश्न यह उठाती है कि आखिर ऐसी शिक्षा के साथ भारत अपने विकास के लिए अपनी युवा आबादी का लाभ कैसे उठा पाएगा? गौरतलब है कि यह वो वक्त है, जब दुनिया चौथी पीढ़ी के औद्योगिकीकरण में प्रवेश कर रही है। यानी जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत बनने जा रहे हैं। ऐसे वक्त पर कमजोर लर्निंग किस काम की साबित होगी? यह अत्यंत गंभीर सवाल है। अगर भारत को सचमुच डेमोग्राफिक डिविडेंड हासिल करना है, तो उसे इस प्रश्न से उलझना होगा। वरना, सिर्फ बड़ी युवा आबादी से आर्थिक महाशक्ति बनने की आकांक्षा महज से भ्रम साबित होगी।

श्रीजेश के यश से हॉकी विश्व कप की उम्मीद

आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत न होने के बावजूद हॉकी के लिये प्राणपण से समर्पित ओडिशा हॉकी वर्ल्ड कप की बखूबी मेजबानी कर रहा है। ओडिशा में बना भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम इसकी गवाही दे रहा है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बिना गाजे-बाजे व प्रचार के चुपचाप रचनात्मक बदलावों व खेलों के आयोजन में रत रहे हैं। यह विडंबना ही है कि बाजार ने अपने मुनाफे के लिये किस तरह हमारे परंपरागत खेलों को हाशिये पर डाल दिया है। इस प्रतिष्ठित हॉकी वर्ल्ड कप की उतनी चर्चा भी मीडिया में नजर नहीं आई, जितनी छोटे-मोटे क्रिकेट के देशी मैच आयोजन की होती है। देश में ऐसे लोग कम ही होंगे जो हमारी हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों से वाकिफ होंगे।

बहरहाल, इस टीम से उम्मीद की जा रही है कि साढ़े चार दशक बाद ही सही, वर्ल्ड कप की ट्रॉफी मेजबान भारत के खाते में दर्ज हो सके। निम्न और मध्यवर्गीय परिवारों से आये तमाम खिलाड़ी पूरी जान लगाकर मुकाबले में डटे हैं। लेकिन सुर्खियों में एक ही भारतीय हॉकी का नगीना है गोलकीपर श्रीजेश, जिन पर इस ट्रॉफी का सबसे बड़ा दारोमदार बताया जा है। हमारी कामयाबी इस बात से तय होगी कि वे विपक्षी टीम के हमलों वाले कितने गोल रोक पाते हैं। पिछले ओलंपिक में उनके उम्दा प्रदर्शन से ही टीम ने 41 साल बाद पदक जीता था। ऐसी विजयी उम्मीदें इस बार भी की जा रही हैं।

आज देश में सवाल किया जा रहा है कि क्या भारत इस बार 1975 के विश्वकप को दोहरा पायेगा। हॉकी प्रेमियों की आकांक्षाएं सातवें आसमान पर हैं क्योंकि प्रतियोगिता भारत में आयोजित हो रही है। निस्संदेह सैंतालीस साल का अंतराल बड़ा होता है। अब तक तकनीक, सुविधाओं तथा संसाधनों में काफी बदलाव हुआ है। महंगे कोच टीम को मिले हैं। बहरहाल, हॉकी टीम के गोलकीपर श्रीजेश को लेकर ज्यादा उम्मीदें उफान पर हैं क्योंकि यह उनका अंतिम विश्वकप है। उनके प्रशंसक चाहते हैं कि उनके खेल जीवन के चौथे विश्वकप में उनकी सम्मानजनक ढंग से विदाई हो। लोग भूले नहीं हैं कि टोक्यो ओलंपिक में श्रीजेश गोलपोस्ट पर लोहे की दीवार बनकर खड़े रहे। तभी 41 साल बाद ओलंपिक में भारत की झोली में पदक आया था। इससे पहले भारत ने 1980 के मास्को ओलंपिक में पदक जीता था। वह भी तब जब दुनिया की कई दिग्गज हॉकी टीमों ने कूटनीतिक कारणों से खेलों का बहिष्कार किया था। बहरहाल, टोक्यो ओलंपिक ने भारतीय टीम की जीत की उम्मीदों को जगा दिया है। इस बार आधुनिक सुविधाओं और विदेशी कोच के साथ ऊर्जावान खिलाड़ी मैदान पर हैं। टीम कुछ वर्षों से कोच ग्राहम रीड के प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

हाल के दिनों में अपने प्रदर्शन से अनुभवी श्रीजेश दिखा चुके हैं कि कई कड़े मुकाबलों में वह निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बड़े संघर्षों के बाद यह मुकाम हासिल किया है। कभी स्कूल के दिनों में तेज धावक रहे पीआर श्रीजेश को हॉकी का नगीना बनाने में उनके आरंभिक दिनों के कोच जयवीर सिंह की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने ही जीवी राजा स्पोर्ट्स स्कूल में श्रीजेश को गोलकीपर बनने का परामर्श दिया था। वे आज दुनिया के सर्वोत्तम गोलकीपरों में गिने जाते हैं। वर्ष 2006 में देश की टीम में शामिल होने के बाद उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। हालांकि, टीम में कई दिग्गज गोलकीपर होने की वजह से नियमित पारी शुरू होने में कुछ विलंब हुआ लेकिन उन्होंने खेल में निरंतर लय बनाये रखी और कभी निराश नहीं हुए। श्रीजेश यदि आज देश के शीर्ष गोलकीपरों में शुमार हैं तो उसकी वजह उनका गोलपोस्ट पर चट्टान की तरह खड़ा रहना भी है। अजलान शाह हॉकी टूर्नामेंट के दौरान लगी गंभीर चोट भी उनके हौसले नहीं तोड़ पाई। तब उनके आगे के खेल को लेकर आशंकाएं जतायी जा रही थीं। लेकिन आत्मविश्वास से भरे श्रीजेश फिर पुराने खेल की लय में लौटे। टोक्यो ओलंपिक में उनके शानदार खेल को खेलप्रेमी अभी भूले नहीं हैं। दरअसल, भारतीय हॉकी टीम की कई बार कप्तानी कर चुके श्रीजेश के खेल ने तब रवानगी ली जब उन्होंने वर्ष 2011 के एशियन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में पाक के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाई। इसी तरह एशियन खेलों में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा। खासकर वर्ष 2014 के एशियन कप में मिली जीत में। वहीं दूसरी ओर उनके लंबे खेल व अनुभव को लेकर भी सवाल खड़े किये जाते रहे हैं।

पिछले ओलंपिक के लिये टीम में उनके चयन को लेकर नकारात्मक चर्चाएं भी हुई और सोशल मीडिया पर उन्हें निशाने पर लिया गया, लेकिन वे बिना विचलित हुए स्वाभाविक खेल का जोरदार प्रदर्शन करते रहे। फिर इसके बाद टीम इंडिया चार दशक बाद पोडियम पर नजर आई। यही वजह है कि अब उनसे उम्मीदें लगाई जा रही हैं कि 47 साल बाद भारत विश्वकप ट्रॉफी को देश में रख सके। साथ ही उनकी हॉकी इंडिया से गौरवशाली और गरिमामय विदाई हो सके। इस विश्वास का आधार पिछले कॉमनवेल्थ व ओलंपिक खेलों में टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन रहा है। इसके चलते अब कहा जा रहा है कि भारतीय टीम के सुनहरे दिन लौटने लगे हैं, जिसमें श्रीजेश निर्णायक योगदान दे सकते हैं। सीधा गणित है कि वे जितने गोल रोकेंगे, भारत की सुनहरी मंजिल उतनी करीब होगी।

अरुण नैथानी

परीक्षा के डर को उत्साह में बदलने की पहल

परीक्षाओं को लेकर अक्सर कहा जाता है कि परीक्षा न तो आसान होती है, न कठिन होती है। जो विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उनके लिए परीक्षा आसान होती है और जो विद्यार्थी नहीं पढ़ते हैं उनके लिए परीक्षा कठिन होती है। लेकिन, हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने परीक्षाओं को हमारे जीवन के एक ऐसे भयावह दौर में बदल दिया है, जो सभी को डर से भरे रखता है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल, 'परीक्षा पे चर्चा', देश के करोड़ों विद्यार्थियों को परीक्षाओं के प्रति भयमुक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वर्ष 2018 से जारी 'परीक्षा पे चर्चा' एक सालाना कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री न सिर्फ छात्रों, बल्कि देश के शिक्षकों और अभिभावकों से गहन चर्चा करते हैं, उनकी समस्यायें सुनते हैं और परस्पर चर्चा के माध्यम से उन्हें उनकी कठिनाइयों को दूर करने के समाधान भी सुझाते हैं।

संभवत- यह विश्व में अपने ढंग का एकमात्र कार्यक्रम है, जिसमें कोई राष्ट्राध्यक्ष जनता से परीक्षा जैसे विषय पर सीधे संवाद करता है। इस संवाद के अनेक सार्थक नतीजे भी सामने आए हैं। अब बच्चे परीक्षाओं को लेकर पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं और उनके अभिभावक निश्चिंत, तो इसका श्रेय 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रम को दिया जाना चाहिए, जिसने एक एग्जामिनोफोबिया अर्थात् परीक्षा के भय को एक उत्सव के विषय में बदल दिया है, जो परिणाम की चिंता से ज्यादा कर्म के पीछे की लगन, मेहनत और विश्वास को प्राथमिकता देना सिखाता है।परीक्षाओं से पहले की बेचैनी और घबराहट को 'एग्जामिनोफोबिया' कहते हैं। यह वह डर है, जो किसी की कल्पना की उपज नहीं है, बल्कि एक ऐसी वास्तविकता है, जिसका सामना हर उस व्यक्ति को होता है, जो कोई परीक्षा देने जा रहा है। ऐसे लोगों में सबसे बड़ी संख्या स्कूली छात्रों की होती है, तो इससे सर्वाधिक प्रभावित होने वालों में भी इन्हीं की संख्या ज्यादा होती है। यह एक ऐसी स्थिति है, जो हमें मनोवैज्ञानिक रूप से ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी हम पर काफी नकारात्मक असर डालती है। एक सर्वेक्षण में, लगभग 66 प्रतिशत छात्रों ने स्वीकार किया था कि वे बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के दबाव में रहते हैं और परीक्षा में असफल होने का डर, उन्हें ज्यादातर समय तनाव में रखता है।'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा 9 से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि एक छात्र के जीवन में बोर्ड की परीक्षाओं का क्या महत्व होता है। इन्हें उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन, व्यर्थ का तनाव और भय, उनके आत्मविश्वास को डगमगा देता है, जिससे उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। खराब नतीजे, उनके जीवन को हताशा और कुंठा से भर देते हैं, जिसकी वजह से उनमें से बहुत से छात्र आत्महत्या जैसा अतिरेकपूर्ण कदम तक उठा लेते हैं। इससे भी अधिक भयावह स्थिति यह है कि बहुत से छात्र तो नतीजों से निकली निराशा की बजाय, परीक्षाओं के डर की वजह से ही आत्महत्या कर लेते हैं। यह कितना जानलेवा हो सकता है, इसका पता राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से चलता है। छात्र आत्महत्या से संबंधित एनसीआरबी का डाटा बताता है कि परीक्षाओं में फेल होने के कारण 2014 से 2020 के बीच 12,582 बच्चों ने आत्महत्या की। ऐसे में 'परीक्षा पे चर्चा' जैसा कार्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। शिक्षा हर व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उसे जीवन की यात्रा में सभ्य, सफल और समृद्ध बनने का मार्ग दिखाती है। परीक्षाएं इस यात्रा का वे पड़ाव होती हैं, जहां आपको पता चलता है कि आप अगले पड़ाव तक जाने के लिए कितना तैयार हैं। लेकिन, अपेक्षाओं का दबाव, परीक्षाओं को जीवन-मरण का प्रश्न बना देता है। 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रम छात्रों को इन्हें सहज भाव से लेने के लिए प्रेरित करते हैं और इसे उत्सव के रूप में मनाने का संदेश देते हैं। इससे छात्रों पर पड़ने वाला परीक्षाओं का दबाव और उनकी वजह से उत्पन्न भय कम होता है और साथ ही उन्हें परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सलाह भी मिलती है। 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री बच्चों को प्रेरित करते हुए पढ़ा हुआ भूल जाने की समस्या, बोर्ड परीक्षा की तैयारियां जैसे विषयों पर काफी उपयोगी जानकारियां प्रदान करते हैं। एक बच्चे के जीवन में अभिभावक और शिक्षक, दोनों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। 'परीक्षा पे चर्चा' एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिये प्रधानमंत्री सीधे संवाद के माध्यम से शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पुल उपलब्ध कराते हैं। इससे वे एक-दूसरे की परिस्थितियों, भावनाओं, समस्याओं को भली-भांति समझने में सक्षम बनते हैं। कार्यक्रम में बच्चे सीधे परीक्षाओं से संबंधित अपनी चिंताएं प्रधानमंत्री के साथ साझा करते हैं और उनसे परीक्षाओं और पढ़ाई से जुड़े सवाल करते हैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री बड़ी रुचि, धैर्य और मनोयोग के साथ देते हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि अगर हम बच्चों में से परीक्षा का तनाव और डर खत्म कर देंगे, तो बच्चे और अच्छा फोकस कर पाएंगे। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में परीक्षा जैसे गंभीर विषय पर चर्चा बेहद रोचक और सहज ढंग से की जाती है। इससे वातावरण बोझिल होने से बचा रहता है।

प्रो. संजय द्विवेदी

आपका राशिफल 22 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा) — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 6054

ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी हैं' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावालों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6053

Jagrutidaur.com, Bangalore

सर्द हवाएं छीन रही हैं त्वचा की नमी तो इन 4 तरीकों से करे Aloe Vera का इस्तेमाल

सर्दियों में सेहत ही नहीं बल्कि अपनी त्वचा और बालों का भी खास ख्याल रखना पड़ता है। सर्द हवाएं हमारी त्वचा की नमी चुराने लगती है और वो बेजान हो जाती है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का निखार बनाए रखने के लिए कई सारे महंगे प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन फिर भी त्वचा तो मन मुताबिक नतीजे नहीं मिल पाते हैं। साथ ही केमिकल युक्त इन प्रोडक्ट्स को लगाने से कई बार साइड इफेक्ट्स का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से अपने चेहरे को निखार सकते हैं। एलोवेरा हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है, आप इन 4 तरीकों से इसका इस्तेमाल कर अपनी त्वचा की खोई नमी वापस पा सकती हैं...

एलोवेरा और शहद

एलोवेरा और शहद हमारी त्वचा के लिए काफी गुणकारी होती है। शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल स्किन में नमी बनाए रखने में कारगर है। साथ ही इसके इस्तेमाल चेहरे में दाग-धब्बों की समस्या भी दूर होती है। ऐसे में एक चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच शहद मिलाकर इससे चेहरे की हल्की मसाज करें। 15-20 मिनट बाद पानी से मुंह धो लें। हफ्ते में 2-3 बार ऐसा करना फायदेमंद रहेगी।

एलोवेरा और गुलाब जल

स्किन को ग्लोइंग और सॉफ्ट बनाने में गुलाब जल काफी काम आता है। इतना ही नहीं इसके इस्तेमाल से डेड स्किन की समस्या से भी निजात मिलती है। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर लगाएं और 15 मिनट बाद मुंह धो लें। इससे त्वचा में निखार आने लगेगा।

एलोवेरा और विटामिन ई

त्वचा को नेचुरली ग्लोइंग बनाने के लिए आप एलोवेरा जेल और विटामिन ई का इस्तेमाल कर सकते हैं। विटामिन ई में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-एंजिंग गुण स्किन के लिए गुणकारी है। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक विटामिन ई कैप्सूल मिलाकर 2-4 मिनट तक इससे मसाज करें। अब 15 मिनट तक इसे सूखने दें और फिर सादे पानी से मुंह धो लें। इससे आपती त्वचा बेदाग और निखरी नजर आएगी।

एलोवेरा और नींबू

विटामिन सी से भरपूर नींबू भी हमारी त्वचा के लिए काफी लाभकारी है। इसे लगाने के स्किन में कील-मुहांसों की समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही यह टैनिंग की समस्या भी दूर करने में कारगर है। इसके लिए एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर इसे चेहरे पर लगाएं। अब इसे 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब पानी से फेस वॉश कर लें। नियमित रूप से रात को सोने पहले इसका इस्तेमाल फायदेमंद साबित होगा।

सूडोकु नवताल- 6577

★★★★★ कठिनतम

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6576 का हल

6	3	8	5	2	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	9	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

विचार प्रवाह

दुनिया दुरंगी है। वह कब पाला बदल ले कुछ कह नहीं सकते। दादाजी बीमार थे। 6 महीने से बीमार चल रहे थे। परिवार का हर सदस्य मन ही मन कह रहा था हे प्रभु बस अब तो इन्हें जल्दी उठा लो। एकाएक परिवार में शादी निकल आईऔर वह भी 15 दिन में होनी थी। अब परिवार का हर सदस्य मन ही मन कह रहा था हे प्रभु शादी होने तक दादाजी को जिंदा रखना।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7606



बाएँ से दाएँ

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

ऊपर से नीचे

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

शब्द पहेली - 7605 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

छिंदवाड़ा जिले में थम नहीं रहा तेल में मिलावट का खेल

छिंदवाड़ा जबलपुर यशभारत। तेल में मिलावट का खेल जिले में इन दिनों फिर से जोरों पर है। खुले तेल पर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन इसके बाद अब मिलावट पैकेट बंद तेल में जारी है। अब बाजार में बिकने वाला मिलावटी खुला तेल पाउच में बंद कर लोगों को थमाया जा रहा है। ठंड के इस मौसम में पाम तेल का उपयोग मिलावटखोर कम कर रहे हैं।उसकी जगह कपास्या और रायडा रिफाइन की मिलावट की जा रही है। गौरतलब है छिंदवाड़ा जिले के बाजार में सबसे अधिक मात्रा में सोयाबीन का तेल बिकता है इसीलिए बाजारों में इसी तेल में मिलावट का खेल जारी है। शहरी इलाकों को छोड़कर कुछ व्यापारियों के द्वारा सुदूर ग्रामीण अंचलों में मिलावटी तेल का बड़े पैमाने पर कारोबार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर तेल में होने वाली मिलावट को नजरअंदाज कर दिया जाता है जिसका फायदा मिलावट खोर तेल व्यापारी जमकर उठाने में लगे हुए हैं।

एक ही तेल अलग-अलग ब्रांड

शहर में खुलेआम घटिया स्तर का पाम ऑयल कपास्या और रायडा रिफाइन अलग-अलग ब्रांड पैकिंग नाम से बेचा रहा है। इन ऑयल को कई लोग सोया रिफाइंड और दूसरे नामों से भी बेच रहे हैं। तेल की क्वालिटी एक ही है लेकिन उस पर लेबल अलग- अलग लगाकर बेचा जा रहा है। ये तेल बड़ी मात्रा में ड्रमों में शहर लाया जाता है। यहां पर खुले तेल को मिलावट के साथ अलग-अलग ब्रांड और पैकिंग के नाम पर बेचा जा रहा है। इसमें बड़ी मात्रा में घटिया स्तर का है। यही तेल स्थानीय स्तर पर टिन में पैक कर अलग-अलग लेबल लगाकर जिलेभर में बेचा जा रहा है। बताया तो ये भी जा रहा है कि कई लोकल तेल ब्रांडों पर फर्म के नाम एफएसएसएआई नंबर तक फर्जी हैं। हैरत की बात यह कि खुलेआम बिकने के बावजूद जिले में जिम्मेदार लोग आंखें फेरे हुए हैं।

इटारसी से आ रहा खुला तेल

पूरे जिले भर में सप्लाई होने वाला पाम ऑयल इटारसी से खरीदा जाता है। छिंदवाड़ा आने के बाद इसी में मिलावट कर दूसरे तेल के ब्रांड बेचे जाते हैं। जिलेभर में करीब डेढ़ लाख लीटर पाम ऑयल और मिलावट के अन्य तेल जिले के बाहर से आ रहे हैं। इन तेलों को सोयाबीन और मूंगफली के तेल में मिलाकर इसे बाजार में बेचा जाता है। मिलावट करने वाले कई लोग इसी पाम ऑयल को सोयाबीन के नाम पर भी बेचते हैं।

व्यापारियों की भूमिका संदिग्ध

शहर में तेल के कई व्यापारी है। कुछ लोकल ब्रांड का तेल भी यहां से पैक कर बेचते हैं। बताया जाता है कि आधा दर्जन से ज्यादा तेल व्यापारी ऐसे हैं जिनकी तेल के इस खेल में भूमिका संदिग्ध है। मिलावटी तेल बंद पैकेट में बाजारों में उतारा जा रहा है। तेल की ज्यादा खपत होटल और ढाबों में हो रही हैं। जहां पर तेल की न तो जांच होती है न कभी वहां जाने वाले लोग इस संबंध में पूछताछ करते हैं। यहां पर मिलावटी तेल टिन से सप्लाई किया जाता है।

वजन में भी गड़बड़ी

मिलावट के खेल के साथ तेल के पैकेट में वजन में भी गड़बड़ी की बातें सामने आ रही है। कहने को तो ग्राहक इसे 1 लीटर का पैकेट समझकर तेल खरीद रहा है। लेकिन कुछ ब्रांड ऐसे हैं जिसमें 850 मिलीलीटर से लेकर 900 मिलीलीटर तक ही तेल आ रहा हैं। तेल की इन पैकेट की कीमत दूसरे तेलों से 5 से 10 रूपये कम है लेकिन लोगों को कम गुणवत्ता और मिलावटी तेल दिया जा रहा है। ग्राहकों को ज्यादा नुकसान हो रहा है जबकि तेल कंपनी और संबंधित व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं।

MP के 15 जिलों में बारिश के आसार : आज से बदलेगा मौसम

भोपाल यशभारत। मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली है। ज्यादातर शहरों में रात का पारा 8 डिग्री के पार आ गया है। दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आज भी ठंड से राहत रहेगी, लेकिन रविवार से 3 दिन तक ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड के 15 जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। भोपाल में भी बादल छाए रहेंगे। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ईरान के ऊपर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। इस कारण ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड में 21 जनवरी से बादल छाने लगेंगे, जबकि 22 से 24 जनवरी के बीच हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में भी मौसम का असर देखने को मिलेगा। यहां बादल छा सकते हैं, लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है। इंदौर में मौसम साफ रहेगा। हल्की ठंड रहेगी।

इन जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान

22 से 24 जनवरी के बीच ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर, मुरैना, भिंड समेत बुंदेलखंड के दतिया, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, निवाड़ी और पन्ना में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

20 की रफ्तार से चली दक्षिणी हवाओं ने चढ़ाया पारा

भोपाल में अचानक चली हवाओं से शुक्रवार को पतझड़ जैसा मौसम हो गया। इनकी रफ्तार एक घंटे में करीब 20 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच गई। दक्षिण से आई हवाओं ने ठंड के तेवर नरम कर दिए। पारा ऐसा चढ़ा कि करीब 13 साल में दिन और रात का पारा एक साथ रिकॉर्ड 6 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया। अगले दो से तीन दिन तक हवाओं की रफ्तार इसी तरह बनी रहेगी। इससे दिन और रात में ठंड से राहत रहेगी।

इंदौर में कंपकंपी से राहत, तेज धूप ने चढ़ाया पारा

इंदौर में शुक्रवार को सुबह 7 बजे तक तो मौसम में ठंडापन था, लेकिन इसके बाद धूप धीरे-धीरे असर दिखाने लगी। अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। रात के तापमान में भी तेजी से इजाफा हुआ था। बुधवार रात को पारा 9.4 डिग्री था, जो गुरुवार रात को बढ़कर 13.3 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। दरअसल, शुक्रवार को हवा की दिशा पूरी तरह बदल गई। दिनभर पूर्वी हवा चलती रही। इसी वजह से ठंड कम महसूस हुई।

फ्लाइट हवा में लहराई : लैंडिंग फेल, 40 मिनट हवा में रही फ्लाइट, यात्रियों को लगे झटके

भोपाल यशभारत। प्रयागराज से भोपाल आ रही इंडिगो की फ्लाइट की लैंडिंग के दौरान बड़ा घटनाक्रम होने से बच गया। लैंडिंग से पहले फ्लाइट हवा में लहराने लगी। पहले प्रयास में लैंडिंग नहीं हो सकी तो पायलट एयरक्राफ्ट को वापस हवा में ले गए, इससे फ्लाइट में लगातार वाइब्रेशन आते रहे जिससे यात्री दहशत में आ गए। करीब 40 मिनट तक एयरक्राफ्ट हवा में घूमता रहा, जिसके बाद दूसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी। यात्री डॉ. सीएम नौटियाल ने बताया कि इंडिगो की प्रयागराज-भोपाल फ्लाइट (6ई-7925) को दोपहर 1ः10 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड होना था, लेकिन तेज हवा चलने से एयरक्राफ्ट पर हवा का तेज प्रेशर था। हवा से पूरा एयरक्राफ्ट हिल रहा था। इस वजह से पहले प्रयास में लैंडिंग नहीं हो सकी। इस दौरान 40 मिनट एयरक्राफ्ट हवा में ही घूमता रहा। इसके बाद लैंडिंग हो सकी। इंडिगो की मीडिया हेड प्रतीक्षा भाटिया के मुताबिक तेज हवा में लैंडिंग के लिए पायलट ने राउंड लिया था, जिससे विंग्स को एडजस्ट किया जा सके।

74 लोग सवार थे फ्लाइट में...

इस फ्लाइट में क्रू-मेंबर्स समेत 74 लोग सवार रहे। कई यात्री राजधानी में होने वाले इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में शामिल होने आ रहे थे। इनमें लखनऊ के सेंट्रल ड्रग इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और प्रसिद्ध कवि पंकज प्रसून समेत कई साइंटिस्ट हैं। पंकज ने बताया कि लैंडिंग संबंधी या अन्य कोई एनाउंसमेंट नहीं किया, जिससे यात्रियों में घबराहट थी।

संत रविदास जयंती पर आयुष विभाग प्रदेश में लगायेगा मेला

भोपाल (ईएमएस)। आयुष विभाग संत रविदास जयंती 5 फरवरी को प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में आयुष मेले आयोजित करेगा। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रामकिशोर कावरे ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कि जिला प्रशासन के सहयोग से आयुष मेले लगाये जायें। मेले में प्रभारी मंत्री सांसद विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष और पंचायत प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाये। मेले का लाभ अधिक से अधिक जन-समुदाय तक पहुँचे इसके लिये स्वयं-सेवी संगठनों के साथ जन-भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मेले में संत रविदास के सामाजिक समरसता के संदेश एवं उपदेश के बारे में जन-सामान्य को जानकारी दी जाएगी।

रीवा में प्राचीन शिव मंदिर पर चली जेसीबी-बजरंग सेना ने किया विरोध, कॉम्प्लेक्स को लाभ पहुंचाने का आरोप

रीवा यशभारत। रीवा शहर में आधी रात शांतिभंग करने की कोशिश हुई। शुक्रवार की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच प्राचीन शिव मंदिर को जेसीबी चलाकर गिराया जा रहा था। मुख्य मार्ग से लगे मंदिर गिराने की सूचना पर बजरंग सेना ने विरोध प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर के पुजारी पर कॉम्प्लेक्स मालिक को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक हितेंद्रनाथ शर्मा, चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय, समान थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील गुप्ता, विश्वविद्यालय थाना प्रभारी निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी और यातायात थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप तिवारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। फिर भी बढ़ रहे बवाल को देखते हुए एसडीएम हुजूर अनुराग त्रिपाठी, तहसीलदार आरपी त्रिपाठी सहित अन्य राजस्व विभाग के अफसर पहुंचे। दोनों पक्षों की बात सुनकर जेसीबी को लौटा दिया है। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से कहा ?है कि वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है। विधि अनुसार कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 625 जोड़ों के हुए सामूहिक विवाह

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दिया नव-दम्पत्ति को आशीर्वाद

भोपाल (ईएमएस)। वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि गृहस्थी की सामग्री के साथ खुशी से बेटियों के हाथ पीले कर विदा किया जा रहा है। इससे नव-दम्पत्ति अपने जीवन की शानदार नई शुरूआत कर सकेंगे। मंत्री डॉ. शाह खण्डवा जिले के खालवा जनपद में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 625 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वन मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की बेटियों के हाथ पीले करने के लिए जो सौगातें दी हैं वह ऐतिहासिक है और इसका अनुशरण अन्य प्रदेश भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह सोच है कि बेटियों के हाथ पीले करने में माता-पिता को कर्ज न लेना पड़े इसके लिए योजना में प्रत्येक बेटी के विवाह के लिये 55 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। वन मंत्री डॉ.शाह ने नव-दम्पत्ति को कलर टी.व्ही. कुर्सी टेबिल स्टील की अलमारी विस्तर पलंग दुल्हन के कपड़े प्रेशर-कुकर दीवाल घड़ी 140 ग्राम चांदी गृहस्थी के 5 बर्तन के साथ 11 हजार रूपए के चेक वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैतूल सांसद डी.डी.उइके ने की।

स्टेशन पर पटरी क्रास कर रहा वेंडर ट्रेन की चपेट में आया, दोनों पैर कटे

भोपाल, यशभारत। राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर कार्यरत एक वेंडर खाली ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई और इस हादसे में दोनों पैर घुटने से अलग हो गए। हादसा होते देख तुरंत आरपीएफ व जीआरपी के जवान घटनास्थल की ओर दौड़े और उसे लहूलुहान अवस्था में उठाकर अस्पताल भिजवाने का इंतजाम किया। समय पर इलाज मिलने की वजह से वेंडर की जान बच गई। घटना गुरुवार-शुक्रवार रात करीब एक बजे की है, जो खाली ट्रेन को एक से दूसरी पटरी पर ले जाते समय प्लेटफार्म-चार से पांच के बीच की हुई। वेंडर का इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। वेंडर का नाम राजेश चौरसिया बताया जा रहा है, जो रानी कमलापति स्टेशन पर संचालित प्रेम एजेंसी के स्टाल पर नौकरी करता था। स्वजनों ने इस मामले में संबंधित एजेंसी के जिम्मेदारों पर मदद नहीं करने का आरोप लगाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वेंडर रात में प्लेटफार्म से उतरकर शौच के लिए जा रहा था। इसी दौरान खाली ट्रेनों को एक से दूसरी पटरी पर ले शिफ्ट किया जा रहा था। मामूली अंधेरा था, इसी बीच वह एक चपेट में आ गया, जिसकी वजह से उसे अपने दोनों पैर गंवाने पड़े हैं। घटना के तुरंत बाद ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने मदद की और उसे तुरंत जेपी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वक?त पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई है।

ट्रैफिक पुलिस की क्रेन ने बाइक उठाई छात्रों ने सड़क पर दिया धरना

भोपाल यशभारत। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों की नो पार्किंग में खड़ी बाइक शुक्रवार शाम ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन से उठाकर ट्रैफिक थाने में खड़ी करवा दी थी। छात्र बाइक लेने थाने पहुंते तो उनका पुलिसकर्मियों से विवाद हो गया। इसके बाद छात्रों ने रात करीब आठ बजे रोशनपुरा चौराहे के पास न्यूमार्केट के मुख्य मार्ग पर धरना दे दिया, इससे यातायात अवरुद्ध हो गया। छात्रों का आरोप था कि उनके साथ पुलिस ने अभद्रता की है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए। वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइश पर मामला शांत हो गया। हालांकि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने एक तरफ का मार्ग परिवर्तित कर दिया था, लेकिन करीब एक घंटे तक लोग परेशान होते रहे।

अभाविप के महानगर मंत्री प्रभाकर मिश्रा ने बताया परिषद के कार्यक्रम में शामिल होने आए छात्र नेताओं को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने कुछ छात्र गए थे। शाम करीब सात बजे जब वे लोग स्टेशन के बाहर आए तो पता चला कि पुलिस की क्रेन उनकी बाइक ट्रैफिक थाने ले गई है। शाम करीब साढ़े सात बजे वे अपनी बाइक लेने थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता की। इस बात का पता चलने पर परिषद के छात्र रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचे और सड़क पर धरना दे दिया था। वे पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। ट्रैफिक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले की जांच का आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

सागर में जंगली सुअर पकड़ने लगाए फंदे में फंसा तेंदुआ

कांटेदार तारों में फंसकर रातभर छटपटाता रहा, पन्ना से पहुंची रेस्क्यू टीम ने निकाला

सागर यशभारत। सागर के बंडा वन परिक्षेत्र की भरतपुर बीट में कांटेदार तारों के फंदे में तेंदुआ फंस गया। तेंदुआ रातभर छटपटाता रहा। सुबह जब खेतों में पहुंचे किसानों ने देखा तो वन विभाग को सूचना दी। खबर मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। तेंदुए का रेस्क्यू कर तारों से बाहर निकालने के लिए पन्ना से रेस्क्यू टीम बुलाई गई। करीब 12 घंटे बाद पहुंची टीम ने रेस्क्यू कर तेंदुए को तार के फंदे से सुरक्षित बाहर निकाला। तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद नौरादेही अभयारण्य में छोड़ा जाएगा। बंडा वन परिक्षेत्र के एसडीओ एमएस चौहान ने बताया कि भरतपुर बीट में एक खेत की तार फेंसिंग में फंदा लगाया गया था। जिसमें देर रात तेंदुआ फंस गया था। सुबह जब लोगों ने देखा तो सूचना दी।

सूचना मिलते ही तत्काल टीम मौके पर पहुंची और जानकारी ली। पन्ना से रेस्क्यू दल बुलाया गया। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए का रेस्क्यू शुरू किया। ट्रेंकुलाइजर गन से तेंदुए को बेहोश करने कोशिश शुरू की गई। लेकिन इस बार 3 से 4 बार इंजेक्शन देने के बाद भी तेंदुआ बेहोश नहीं हुआ। यह शायद पहला मौका है, जब 3 से 4 इंजेक्शन देने के बाद भी तेंदुआ बेहोश नहीं हुआ था। काफी मशक्कत के बाद तेंदुआ बेहोश हुआ। जिसके बाद उसका रेस्क्यू कर तार के फंदे से बाहर निकाला गया। वह स्वस्थ है। नर युवा तेंदुआ है। उसे सुरक्षित तरीके से नौरादेही अभयारण्य में छोड़ा जाएगा। जिस खेत की फेंसिंग में फंदा लगाया था, वह किसी विजय सिंह का बताया जा रहा है। उसके खेत में जंगली सूअर घुस रहे थे, जिससे फसल को नुकसान हो रहा था। सूअर को फांसने के लिए फंदा लगाया था।

खेत मालिक पर प्रकरण दर्ज, जांच शुरू

जिस तार के फंदे में तेंदुआ फंसा था उसे जंगली सूअरों को पकड़ने के लिए लगाया गया था। लेकिन तेंदुआ फंस गया। मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। कुछ लोग खेत में लगी फसलों को बचाने के लिए तार के फंदे लगाते हैं और कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए फंदे लगाते हैं। तेंदुआ जिस फंदे में फंसा उसे किसी उद्देश्य से लगाया गया था। इस बिंदु पर विभाग जांच कर रहा है। सीसीएफ एके सिंह ने बताया कि खेत मालिक के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

23 को गोटेगांव मे श्रीधाम महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा नगर गौरव दिवस

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं फग्गन सिंह कुलस्ते का रहेगा सानिध्य

सफाई अभियान,शोभायात्रा,रांगोली/पेंटिंग प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

गोटेगांव, यशभारत। देश की आजादी के रण बांकुरे ,महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं गोटेगांव को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ठ पहचान दिलाने वाले खेल आयोजन ÷ सहयोग क्रीड़ा मंडल ÷ के स्थापना दिवस 23 जनवरी को गोटेगांव नगर का गौरव दिवस मनाया जायेगा । इस संदर्भ में गोटेगांव नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमति पूनम जितेन्द्र ठाकुर,उपाध्यक्ष श्रीमति श्रद्धा पंकज चौकसे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कु साक्षी बाजपेई ने एक सयुंक्त प्रेस जानकारी मे बताया*

म प्र शासन की मंशा के अनरुप नरसिंहपुर जिले की तहसील मुख्यालय गोटेगांव के गौरव दिवस 23 जनवरी को प्रात÷8 बजे समूचे नगर मे सफाई अभियान चलाया जायेगा तत्पश्चात सुबह 9 बजे नगर देवता श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसमें समूचे नगर वासी शामिल होंगे । शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए पटेल वार्ड स्थित मां नर्मदा मंदिर तक जायेगी । दोपहर 12 बजे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम ग्राउंड में रांगोली/पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा शाम 4 बजे स्टेडियम ग्राउंड में ही सांस्कृतिक व मंचीय कार्यक्रम होंगे । जिसमे स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत स्वच्छता गीत ÷गोटेगावँ बने नम्बर 1 की होगी लांचिंग एवं गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ही गोटेगावँ के गौरवपूर्ण इतिहास पर बनी शॉर्ट मूवी ÷ हमारा गोटेगावँ ÷ भी दिखाई जाएगी। श्रीधाम महोत्सव के रूप मे मनाये जाने वाले गोटेगांव नगर के गौरव दिवस पर नगर को गौरवान्वित करने वाले 23 विशिष्ठ लोगो को सम्मानित किये जाने के साथ-साथ कुछ अभिनव आयोजनो की रूप रेखा बनाई जा रही है।

कार्यक्रम मे मंत्री, विधायकों की रहेगी उपस्थिति

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल एवं केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का आयोजन को विशेष सानिध्य मिलेगा जबकि नरसिंहपुर जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश शासन के वन मंत्री कुंवर विजय शाह,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व गोटेगांव विधायक एन पी प्रजापति,पूर्व मंत्री व नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल एवं युवा नेता एवं सर्वेक्षण 2023 के लिए नगर के ब्रांड एंबेसडर मणिनागेंद्र सिंह पटेल ÷ मोनू ÷की आयोजन में विशेष उपस्थिति रहेगी ।

पार्षदों ने नगर वासियो से आयोजन में बढ-चढ़ कर शामिल होने का किया अनुरोध

गोटेगांव नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाले गोरव दिवस के कार्यक्रम में समूचे नगर के लोगो की उत्साहपूर्व भागीदारी रहेगी । पार्षदगण सर्व श्री जितेंद्र कुमार चौबे,जितेन्द्र कुमार पुरोहित,दुलीचंद विश्वकर्मा,प्रताप ठाकुर राजा,मनीष जैन,श्रीमति रजनी राजेन्द्र राय,श्रीमति पूजा राजू ठाकुर,श्रीमति नमिता कमल पटेल,श्रीमति माया बिहारी चंदोरिया,श्रीमति अंजनी दीपक सोनी,श्रीमति वर्षा जगदीश श्रीवास,श्रीमति संगीता सतीश अग्रवाल ने समस्त नगर वासियो से आयोजन में बढ-चढ़ कर शामिल होने का अनुरोध किया

बच्चों को मिलता है प्रतिभा दिखाने का अवसर : रजनीकांत मिश्रा

सिहोरा , यशभारत। प्रदेश सरकार द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में निकाय एंव पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के स्कुली बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ उन्हें उचित मंच मिलता है क्योंकि बडे महानगरों की प्रतिभा को तो अनेक अवसर मिलते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभा को ऐसे कम ही अवसर मिलते है जब उसे मंच मिले उक्ताशय के विचार क्षेत्र के जनपद सदस्य रजनीकांत मिश्रा ने गुनहरु स्कूल में सयुक्त रुप से आयोजित आनंदोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन गुनहरु,मोहसाम,कुर्रो स्कूलों का सामूहिक रूप से किया गया जिसमें बच्चों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक एंव अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गये। इस अवसर पर वरिष्ठ सुभाष गुप्ता,गुनहरु सरपंच मीरा बाई मिश्रा,मोहसाम सरपंच मुकेश पटेल,कुर्रो सरपंच गजेंद्र ठाकुर, राजेश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक ग्रामवासी,एंव विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

देवेंद्र पटेल बने सी.ए

सिहोरा, यशभारत। ग्राम बोड़ी (सगोड़ी) तहसील मझौली के निवासी एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद पटेल एवं रेखा पटेल के पुत्र और जौहरी प्रसाद पटेल एवं हुकुम बाई पटेल के पोते देवेंद्र पटेल ने कठिन परिश्रम करके 10 जनवरी 2023 को चार्टेड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली।

व्हीएफजे को आप. सोसा. चुनाव कराने हस्ताक्षर अभियान

कामगार यूनियन (इंटक)ने लिया यशभारत खबर पर संज्ञान

जबलपुर यशभारत ।आयुध निर्माणी खमरिया और जीसीएफ को आपरेटिव सोसायटी चुनाव होने के बाद अब व्हीएफजे को आपरेटिव सोसायटी के चुनाव कराने के लिए राष्ट्रीय कामगार यूनियन(इंटक)ने हस्ताक्षर अभियान के साथ सहकारिता आयुक्त को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही यशभारत ने इस संबंध में प्रमुखता से समाचार दिया था ।इस संबंध में कामगार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि को. आपरेटिव सोसाइटी चुनाव के लिए इंटक अभियान चला रही है ।ज्ञात हो कि पिछले 3 वर्ष से यूनियन ने अनेक बार सहकारिता विभाग को पत्र लिखा इसके बाद भी सोसाइटी के चुनाव संपन्न कराने हेतू पत्रो का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कई पत्र देने के बाद अक्टूबर 2022 माह में सोसाइटी चुनाव का नोटिफिकेशन जारी हुआ था , वोटर लिस्ट में कई खामियां पाए जाने के बाद उसे संशोधित करने हेतु 27 अक्टूबर 2022 को उप पंजीयक ने 15 दिनों का समय दिया था पर सहकारी समिति की ओर से अभी तक नई वोटर लिस्ट को जमा नहीं की है ।इस कारण चुनाव बाधित हो रहे हैं । इसको लेकर इंटक यूनियन ने सहकारिता विभाग भोपाल में शिकायत भी लेकिन वहां से किसी भी प्रकार का कोई जवाब नहीं मिला इस पर अभी व्हीकल फैक्ट्री राष्ट्रीय कामगार यूनियन(इंटक) ने सोसाइटी चुनाव के लिए सहकारिता विभाग भोपाल को एक पत्र लिखा है जिसमें वाहन निर्माणी के सहकारी समिति के सभी सदस्यों का हस्ताक्षर अभियान चलाया है। यूनियन के भूपेंद्र तोमर ,चंद्रसिंह चौहान ,स्वदेश दुबे सुबोध कुमार ,कमलेश उपाध्याय ,कैलाश रजक, रोहित तिवारी ,रबिश कुमार ,विकास पासोड़े आदि ने चुनाव कराने हेतू उप पंजीयक से अपील की है।

कब होंगे व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव

एक एक कर सभी निर्माणियों की को आपरेटिव सोसायटी के चुनाव हो चुके हैं।लेकिन व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव अब तक नहीं कराये जा सके हैं।जबकि व्हीएफजे सोसायटी लंबे समय से भंग है।जहां सहकारिता विभाग की ओर से प्रशासक पदस्थ है।सितंबर में सहकारिता विभाग ने सितंबर माह में चुनाव कराने के उद्देश्य से मतदाता सूची दुरुस्त करने की अधिसूचना जारी की थी।लेकिन अब तक वहां चुनाव नहीं कराये जा सके हैं।जबकि उसके बाद अक्टूबर में खमरिया और नवंबर में जीसीएफ सोसायटी की अधिसूचना जारी की गई थी।

एक सार्थक पहल: बच्चों के मानसिक बौद्धिक शारीरिक स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित आहार के साथ साथ खेलकूद व्यायाम अति आवश्यक हैं

एजेंसी। सुधि फाउंडेशन द्वारा 18 /1/2023 आनंदम सेंटर मदर टेरेसा रोड ऋषि नगर में बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के लिए चम्मच दौड़ मेंढक दौड़ सुई धागा दौड़ पासिंग बॉल रिंग डालो इनाम पाओ आदि गेम्स कराए गए सभी बच्चों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विजेता बच्चों को पुरुस्कृत किया गया एवं समस्त बच्चों को कार्यक्रम उपरांत खिलोने एवं नाश्ते आदि का वितरण किया गयाद्य कार्यक्रम में मंच संचालन प्रीति नाग एवं अशोक कुमार द्वारा किया गया फाउंडेशन की प्रदेश महासचिव आराधना साहू अनिता जी विभा पटेल श्रद्धा श्रीवास्तव कविता सराफ विनीत जैन शुक्ला जी राजकुमार जी रविन्द्र तिवारी ललिता सिंह ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

जीसीएफ को आप.सोसायटी में फिर मिले हाथ का कब्जा

25सीटों के साथ लगातार चौथी बार जीत,हथौड़ा को सिर्फ 7 सीट

जबलपुर यशभारत ।जीसीएफ को आपरेटिव सोसायटी में श्रमिक संघ पीले झंडा(मिले हाथ)को पुनः चौथी बार चुनाव में अच्छी खासी सफलता मिली है ।मिले हाथ ने पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार तीन सीटें की बढ़त के साथ25स्थानों पर कब्जा करते हुए प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मजदूर संघ(हथौड़ा)को बुरी तरह मात दी ।इस चुनाव में इंटक यूनियन ने पहले से ही किनारा कर लिया था ।एस सी/एस टी यूनियन का भी खाता नहीं खुला। शुक्रवार को दोपहर12 से2 बजे तक मतदान होने के बाद मतों की गिनती शुरू हुई ।जैसे जैसे परिणाम आते गए मिले हाथ के कार्यकर्ताओं की खुशी बढ़ती गई ।वहीं प्रतिद्वंद्वी खेमे में निराशा बढ़ती गई ।शाम साढ़े पांच बजे छुट्टी के बाद विजयी उम्मीदवारों का जुलूस निकला ।समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के साथ खुशी मनाई ।मिले हाथ को खासी सफलता दिलाने में सोसायटी के वर्तमान अध्यक्ष जसबीर सिंह भसीन का बेहतरीन योगदान रहा ।जिन्होंने सोसायटी सदस्यों को अधिकतम लाभ और सुविधाएं मुहैया कराई ।मिले हाथ की जीत पर अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल महामंत्री राकेश रजक रमेश शर्मा विनोद कुमार हेमंत कुमार मनोज धर्मजन राजेंद्र वर्मा अजय कुंवर विकास सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों का आभार जताया है।

कलेक्टर ने जिले में पायली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में पायली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण गोटेगांव विकासखंड के ग्राम श्रीनगर एवं लम्हेटा में किया। श्रीनगर में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने एवं टंकी निर्माण के कार्य समय पर पूर्ण किये जायें। काम तेजी से पूर्ण कराने के लिए अतिरिक्त टीम लगायें। ग्राम लम्हेटा में सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि निर्माण सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, इसके कारण काम नहीं रूकना चाहिये। काम में कुशल श्रमिकों को रखा जाये। काम के दौरान दुर्घटना नहीं हो, इसके लिए सुरक्षा प्रबंध किये जायें और गार्ड रखा जाये। उल्लेखनीय है कि पायली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में सिवनी जिले के 414 ग्राम, जबलपुर जिले के 187 ग्राम एवं नरसिंहपुर जिले के 58 ग्राम शामिल किये गये हैं। इस कार्य का अनुबंध लार्सन एण्ड टूब्रो कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड चैन्नई से किया गया है। इस योजना में नरसिंहपुर जिले में 23 उच्च स्तरीय टंकी बनाया जाना है, इनमें से दो टंकियों का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 3 टंकियों का कार्य प्रगति पर है। शेष टंकियों का निर्माण कार्य 30 सितम्बर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 204 किमी एचडीपीई पाइप जल वितरण पाइप लाइन बिछाई जानी है, जिनमें से 115 किमी बिछाई जा चुकी है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य 31 अगस्त 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

पंचकोषी यात्रा 28 जनवरी को

नरसिंहपुर यभाप्र। माँ नर्मदा जनसेवा केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ नर्मदा की पंचकोषी यात्रा का आयोजन नर्मदा जयंती पर किया जा रहा है। माँ नर्मदा जनसेवा केंद्र के संचालक अस्सू नेमा ने यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि



इस वर्ष यात्रा 28 जनवरी को माँ नर्मदा जयंती के दिन सिंहपुर चौराहे से बरमान के रेत वाले घाट हेतु बस द्वारा सुबह 8 बजे प्रस्थान करेगी। दोपहर 3 बजे यात्रा उपरांत घाट पर पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जावेगा एवं इस उपरांत शाम पाँच बजे माँ नर्मदा में दीपदान किया जायेगा। यात्रा के आयोजनकर्ता अस्सू नेमा ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में सम्मलित होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में पुलिस, राजस्व एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत खैरी- महलपुरा में नदी के समीप की शासकीय भूमि का अतिक्रमण हटाया गया।

किसान अपने बैंक खाते आधार नम्बर से लिंक करायें

नरसिंहपुर यभाप्र। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपने बैंक खाते आधार नम्बर से लिंक करायें, जिससे शासन की उपार्जन नीति के अनुसार धान विक्रय की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में जमा हो सके। जिला प्रबंधक ना.आ.नि. ने बताया कि धान उपार्जन का कार्य समाप्त हो चुका है और उपार्जित धान की राशि का सीधे भुगतान किसान के खाते में किया जा रहा है। जिन किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं है या खाता बंद है, उनमें भुगतान की प्रक्रिया असफल हो रही है।

नदी पुर्नजीवन योजना से 16 गांव होगें लाभांवित

तेंदूखेड़ा यभाप्र। चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली पाड़झिर तथा बरांझ नदी को नदी पुर्नजीवन परियोजना में शामिल करने को लेकर विगत दिनों कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा मौके पर पहुंचकर मुआयना किया गया। पाड़झिर नदी के अंतर्गत 10 ग्राम आते है। नदी की कुल लम्बाई 23.26 कि.मी. है। जिसमें बिलहेरा नांदिया गुटोरी खैरी मेंहदा डोभी इमलिया कढैली और चरगुंवा कोहानी गांव शामिल है। वहीं बरांझ नदी जिसकी कुल लम्बाई 13.6 कि.मी. है। इसमें 6 ग्राम जुड़े हुये है। जिसमें रम्पुरा खमरिया (बरांझ) उमाहा ईश्वरपुर काचरकोना इमलिया प्रमुख रूप से शामिल है। दोनों नदी को योजना में शामिल करने से जहां पानी की उपलब्धता बनी रहेगी, वहीं जमीनी जल स्तर बढ़ने से आसपास के हेंडपंपों में पानी बढ़ने से पेयजल की समस्या खत्म होगी। और किसानों को भी पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। गौरतलब रहे कि उक्त दोनों नदियों पर काफी लम्बे समय से स्टॉप डेम की मांग चली आ रही है। ग्रामीण स्तर पर कराये गये सामूहिक प्रयासों से बोरी बंधानों से नदी का जल बढ़ने के कारण किसानों को सिंचाई हेतु अभी भी पानी मिल रहा था, तथा स्थानीय हेंडपंपों में भी पानी निकल रहा है।

बगासपुर में कलेक्टर द्वारा बरगी की बांयी तट मुख्य नहर का निरीक्षण



नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बरगी की बांयी तट मुख्य नहर का गुरूवार को बगासपुर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नहर में जल प्रवाह हो रहा था। कमांड क्षेत्र में हो रही सिंचाई से संबंधित जानकारी मैदानी अधिकारियों द्वारा दी गई। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत कमांड क्षेत्र में निर्मित सभी माइनरों की साफ सफाई कराने के निर्देश दिये, ताकि नहरों के अंतिम छोर तक जल प्रवाहित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्रमांक दो गोटेगांव एमएस बेनल, अनुविभागीय अधिकारी नहर अनुभाग गोटेगांव आरके धवन, अनुविभागीय अधिकारी बगासपुर आरआर बिसारिया, नायब तहसीलदार संजय कुमार मशराम एवं राजस्व निरीक्षक कृष्णलाल ठाकुर मौजूद थे। अधिकारियों ने बरगी परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर आरडी 75 से 77 किमी तक का निरीक्षण किया। इस दौरान मैदानी अधिकारियों ने बताया कि बांयी तट मुख्य नहर कुल लम्बाई 135.5 किमी है। जिले में आरडी 63ण्420 से 135.50 किमी तक है, इससे जिले के 95 हजार हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। निरीक्षण स्थल पर मुख्य नहर की जल प्रवाह की क्षमता 47.89 क्यूमेक है।

नगरीय निकायों में चलाया गया रोको-टोको अभियान

तेंदूखेड़ा यभाप्र। मकर संक्रांति के दिन नर्मदा नदी के समीपी ग्राम छत्तरपुर घाट नहाने गये डोभी निवासी शुभम शर्मा 22 वर्ष बाटल भरने के चक्कर में नर्मदा में डूब जाने के बाद पांचवें दिन भी कोई पता नही चल सका है। जिसे लेकर परिजनों का हाल गंभीर बना हुआ है। शुभम का पता लगाने के लिये जबलपुर से आपदा प्रबंधन की डीपडाइवर्स तथा जिला स्तर टीम के द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पांचवें दिन विधायक संजय शर्मा स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों को ढांढ़स बंधाया। तथा उच्च स्तरीय सर्च ऑपरेशन हेतु वरिष्ठ अधिकारियों तथा जानकारों से चर्चा भी की गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हेतु आवश्यक दस्तावेज

नरसिंहपुर यभाप्र। सामाजिक न्याय एवं निः शक्तजन कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2022- 23 में आयोजित किये जाने वाले सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन जनपद एवं नगरीय निकायों द्वारा जनवरी माह के अंत में व फरवरी 2023 में किया जाना है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनांतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित जनपद नगरीय निकायों में सम्पर्क कर सकते हैं। हितग्राही के पास मप्र का मूल निवासी प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की दो फोटो, वर-वधु, अभिभावक का मोबाइल नम्बर, कल्याणी विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता महिला होने की स्थिति में तलाक का न्यायालयीन आदेश और कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन कार्ड होना आवश्यक है।

विद्यार्थियों को निः शुल्क गणवेश संबंधी शिकायतों की जांच हेतु समिति गठित

नरसिंहपुर यभाप्र। शासकीय शालाओं में कक्षा एक से 4 तक एवं कक्षा 6 से 7 तक में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली निःशुल्क गणवेश बनाने का कार्य कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्वसहायता समूह के माध्यम से किया जायेगा। गणवेश निर्माण, गुणवत्ता सत्यापन, मॉनीटरिंग एवं गणवेश संबंधी शिकायतों की जांच के लिए सभी विकासखंडों में सीईओ जिला पंचायत द्वारा विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत, विकासखंड स्रोत समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र और प्रभारी विकासखंड प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन को शामिल किया गया है। यह जानकारी जिला परियोजना प्रबंधक मप्र दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने दी है। शासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को गणवेश प्रदाय करने के लिए चयनित स्वसहायता समूहों की ग्रामवार सूची विकासखंड स्तरीय आजीविका मिशन कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जा रही है।

उचित मूल्य दुकानविहीन ग्राम पंचायतों के लिए 28 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

मध्यप्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड चांवरपाठा में दुकानविहीन दो ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न की जायेगी। विकासखंड चांवरपाठा में 2 दुकानविहीन ग्राम पंचायतों महगुवां. निजोर व कौड़िया में नवीन उचित मूल्य दुकान आवंटित की जाना है। इस संबंध में पोर्टल पर उक्त उचित मूल्य दुकानविहीन ग्राम पंचायतों के लिए पात्र संस्थायें 28 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

आकाश बायजूस कटनी में पहला क्लास रूम सेंटर खोलेगा

जबलपुर, यशभारत। शहर में पहला सेंटर, एक प्राइम लोकेशन में 13 कक्षाओं के साथ 10,000 वर्ग फीट की जगह पर होगा; एक वर्ष में 1500+ स्कूली छात्रों और नीट, जेईई उम्मीदवारों को पढ़ाने की क्षमता हैकनेक्टेड और स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा के साथ, यह लाइव ऑनलाइन लेक्चर और वेबिनार के साथ मिश्रित/हाइब्रिड कोर्स प्रदान करेगाकटनी, 20 जनवरी, 2023ः कटनी में नीट, आईआईटी जेईई, ओलंपियाड कोचिंग और फाउंडेशन कोर्स की बढ़ती मांग को देखते हुए टेस्ट प्रीपरेशन सर्विस में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस शहर में अपना पहला क्लासरूम सेंटर खोल रहा है। आकाश बायजू के पूरे भारत में फैले सेंटर्स के नेटवर्क में यह नया जुड़ाव होगा, वर्तमान में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 300 से ज्यादा सेंटर है, यह छात्र जहां रहते हैं, वहां अपनी स्टैंणर्डडराइज डायरेक्ट कोचिंग सर्विस को पहुंचाने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ।कटनी में एक प्राइम लोकेशन थर्ड फ्लोर, आस्था प्लाजा, विशाल मेगा मार्ट के पास, जबलपुर रोड,पर स्थित, नए सेंटर में 13 कक्षाएं होंगी और 1500 से अधिक छात्रों को सीधे कक्षाएं प्रदान की जा सकेंगी। कनेक्टेड और स्मार्ट क्लासरूम की विशेषता के साथ, केंद्र अपने हाइब्रिड कोर्स से छात्रों को एक सहज सीखने का अनुभव भी प्रदान करेगा।

रोहन बोपन्ना ऑस्ट्रेलिया ओपन में मेंस डबल्स से बाहर

पहले मैच में ऑस्ट्रिया की जोड़ी के खिलाफ दो सेट में मिली हार

मेलबर्न , एजेंसी। भारत के स्टार टेनिस प्लेयर रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन मेंस डबल के पहले दौर में सीधे सेटों में हारने के बाद शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए। वे अब मिक्स्ड डबल्स खेलेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और एलेक्जेंडर एर्लर से 3-6, 5-7 से हराया। बोपन्ना और एबडेन ने मैच के दौरान कई गलतियां की और उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा।

सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलिया ओपन के सेकंड राउंड में पहुंची

अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम में खेलते हुए, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेकंड राउंड में पहुंची। सानिया और उनकी पार्टनर कजाकिस्तान की एना डेनिलिना विमेंस डबल्स में हंगरी की डालमा गल्फी और अमेरिका की बर्नार्डा पेरा को 6-2, 7-5 से एक तरफा मुकाबले में हराया। दूसरे राउंड में सानिया-एना की जोड़ी का सामने वान यू और कालिनिना से होगा। वान यू और कालिनिना ने जिदानसेक और होजुमी को 7-6, 6-3 से हराया था। सानिया और एना के लिए यह मुकाबला मुश्किल होगा।

मिर्जा और बोपन्ना की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स खेलेगी

बोपन्ना का ऑस्ट्रेलिया ओपन में सफर अभी खतम नहीं हुआ है। वे सानिया मिर्जा के साथ मिक्स्ड डबल्स केटेगरी में खेलेंगे। इससे पहले मिर्जा-बोपन्ना की जोड़ी 2021 में विंबलडन में उतरी थी। इस जोड़ी को तीसरे राउंड में जेजे रोजर और आंद्रेजा क्लेपिक की 14वीं सीड जोड़ी ने 3-6, 6-3, 9-11 से हराया था। दोनों रियो ओलिंपिक 2016 में भी उतर चुके हैं। हालांकि, भारतीय जोड़ी थोड़े अंतर से ब्रॉन्ज मेडल चूक गई थी। उसे ब्रॉन्ज मैच में चेक रिपब्लिक की लूसी हरडेका और राडेक स्टेपानेक ने हराया था।

मेंस डबल्स में भारत के रामनाथन, भांबरी , माइनेनी बाहर

गुरूवार को मेंस डबल्स में भारत के रामकुमार रामनाथन, युकी भांबरी और साकेत माइनेनी पहले दौर में ही बाहर हो गए। रामकुमार रामनाथन अपने मैक्सिकन जो?दार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला के साथ उतरे थे। तीन सेट के मैच में रामनाथन 6-3 5-7 और 3-6 से हार गए। वाइल्ड कार्ड से एंट्री लेने वाली भांबरी और मायनेनी की जोड़ी एंड्रियास माइस और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई-जर्मन पेयर से 6-7, 7-6 और 6-3 से हार गए।

मेसी-रोनाल्डो से मिले अमिताभ बच्चन:PSG Vs रियाद इलेवन फ्रेंडली मैच में थे मुख्य अतिथि

रियाद , एजेंसी। फ्रांस के क्लब पेरिस संट जर्मेन (PSG) और रियाद इलेवन के बीच सऊदी अरब की राजधानी रियाद में फ्रेंडली मैच खेल गया। इस मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी भिड़े। फ्रेंडली मैच के दौरान बॉलीवुड के महानायायक अमिताभ बच्चन नजर आए। वे मैच में मुख्य अतिथि थे। मैच शुरू होने से पहले अमिताभ दोनों टीमों के प्लेयर्स में मिले। इसमें लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल थे। लियोनल मेसी PSG के लिए खेलते है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो रियाद इलेवन के कप्तान थे। रियाद इलेवन में सऊदी अरब के दो क्लब अल नासर और अल हिलाल को

मिलाकर बनाई गई थी।

नेमार-एम्बाप्पे भी थे मौजूद

मैच में नेमार और एम्बाप्पे जैसे बड़े नाम भी मौजूद थे। अमिताभ। नेमार और एम्बाप्पे भी मेसी की टीम क्लब के लिए खेलते है। नेमार - एम्बाप्पे - मेसी की तिकड़ी भी फुटबॉल जगत में चर्चा में है।

अमिताभ बच्चन भी फुटबॉल फैन

अमिताभ बच्चन फुटबॉल फैन है। वे काफी समय से फुटबॉल फॉलो कर रहे है। 2019 में ट्विटर पर उन्होंने प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी को चीयर करते हुए ट्वीट भी किया था।

करीबी मुकाबले में जीता PSG

करीबी मुकाबले में PSG रियाद इलेवन के खिलाफ 4-5 से जीता। मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2 गोल दागे। वहीं मेसी ने तीसरे मिनट एक गोल दागा। इनके अलावा रियाद इलेवन की ओर से जंग सैंग ने 56वें और टलिस्का ने 90+4वें मिनट में गोल दागा। PSG की ओर से मेसी के अलावा एम्बाप्पे ने 60वें, रामोस ने 53वें, मार्किनोस ने 43वें और ह्यूगो एटिटके ने 78वें मिनट में गोल स्कोर किया।

अमिताभ बच्चन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया मोमेंट

अमिताभ बच्चन ने मैच के अगले दिन शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि , रियाद में एक शाम.. क्या शाम है.. क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी, एमबापे, नेमार सभी को एक साथ देखना और चीफ गेस्ट के तौर पर मैच का उद्घाटन करने मेरे लिए अविश्वसनीय है।

रोनाल्डो ने साइन की 200 मिलियन की डील

क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूरोप साउदी अरब के क्लब अल नासर से 1730 करोड़ रुपए (200 मिलियन यूरो) की फीस पर क्लब के साथ रिकॉर्ड डील साइन की है। वे अगले ढाई सीजन क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। रोनाल्डो ने अल नासर से एक भी मैच नहीं खेला है। 22 जनवरी को वे क्लब के साथ डेब्यू करेंगे।

पाकिस्तानी TV एंकर से टकराया फील्डर, गिर पड़ी

दक्षिण अफ्रीकी लीग में प्लेयर ने डाइव लगाई थी, एंकर बोलीं- मरहम के लिए बर्फ लाओ

जोहान्सबर्ग शएजेंसी। सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और MI केप टाउन के बीच SA20 लीग गेम के दौरान पाकिस्तानी एंकर जैनब अब्बास मैदान पर गिर गई। जैनब बॉउंड्री लाइन के बहार मैच की कॉमेंट्री कर रही थीं। 13वें ओवर में, सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मार्को जानसन ने सैम करन की गेंद पर मिड-विकेट की ओर शानदार शॉट लगाया, फील्डर चौका रोकने आया और बॉल रोकने ने लिए उसने डाइव लगाई और जैनब से भिड़ गया। जैनब बॉउंड्री लाइन पर ही गिर गई। ट्विटर पर सुपर स्पोर्ट टीवी ने घटना का वीडियो पोस्ट किया। इस पर जैनब बोली, मैं बच गई, लेकिन अब मुझे पता चल गया कि यह कैसा लगता है ! मरहम के लिए बर्फ निकालो।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप मैच जीता

मैच की बात करें तो स्ध्ह केप टाउन के खिलाफ सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2 विकेट से जीत हासिल की। सनराइजर्स 100 रन बनाने से पहले ही पांच विकेट गंवा चुकी थी। लेकिन मार्को जानसन की सिर्फ 27 गेंदों में 66 रन की पारी ने मैच पलट दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेनसन ने अपनी पारी में सात छक्के और तीन चौके लगाए। उनका स्ट्राइक-रेट 244.44 था।

साउथ अफ्रीका लीग मिनी IPL

साउथ अफ्रीका लीग में 6 टीमों के बीच 33 मुकाबले खेले जाएंगे। इस लीग को मिनी IPL भी कह सकते है। टूर्नामेंट की सभी टीमों का मालिकाना हक मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद समेत 6 IPL फ्रैंचाइजी के पास है। IPL की इनामी राशि 46.5 करोड रु. के मुकाबले लीग की 33 करोड़ है। फ्रैंचाइजी ने टीमों की एक जैसी पहचान के लिए ग्लोबल कोच नियुक्त किए हैं। टीमों के लोगो, जर्सी भी IPL जैसे हैं।

शाहरुख खान-दीपिका की पठान की एडवांस बुकिंग शुरू

बिके 1 लाख से ज्यादा टिकट, लगभग 10000 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी फिल्म

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म पठान अपनी रिलीज से कुछ ही दिन दूर है। ऐसे में पठान की एडवांस बुकिंग शुरू गई है। फिल्म क्रिटिक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुलासा किया है कि एडवांस बुकिंग में 1,17,000 टिकट बिक चुके हैं। तरण आदर्श ने पठान को बॉक्स ऑफिस सुनामी लोडिंग कहते हुए बताया है कि क्क्ष्क्रमें पठान के 51,000 टिकट बिक चुके हैं, जबकि आईनॉक्स ने 38,500 टिकट बेचे हैं। वहीं सिनेपॉलिस में 27,500 टिकट बिके हैं। तरण के मुताबिक यह आंकड़े गुरुवार (19 जनवरी) रात 11 बजे तक के हैं और 20 जनवरी से इसकी एडवांस बुकिंग और तेजी से बढ़ेगी।

लगभग 10000 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी फिल्म

पठान 25 जनवरी को हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। ये फिल्म हिंदी में लगभग 4500 स्क्रीन पर रिलीज होगी, वहीं तमिल और तेलुगु की स्क्रीन्स मिलाकर ये लगभग 5000 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी।

पठान से चार साल बाद कमबैक कर रहे हैं शाहरुख

शाहरुख खान पठान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर बतौर लीड चार साल बाद वापसी कर रहे हैं। वो आखिरी बार 2018 में आई फिल्म जीरो में नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी। इन चार सालों में उन्होंने ब्रह्मास्त्र, लाल सिंह चड्ढा और रॉकेट्री जैसी फिल्मों में कैमियो किया था। बतौर लीड वो पठान से धमाकेदार कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म का बजट करीब 250 करोड़ है। फिल्म के मीडिया राइट्स तकरीबन 100 करोड़ में बेचे गए हैं।

शाहरुख खान का जबरा फैन, पठान देखने के लिए बुक करा लिया पूरा थिएटर

फैंस अपने फेवरेट सितारों के लिए क्या कुछ नहीं करते हैं। कोई उनके नाम से मंदिर बनवा देता है तो कोई घंटों उनके घर के बाहर एक झलक के इंतजार में खड़ा रहता है। तो वहीं कोई फैन अपने शरीर पर फैन के नाम का या उनकी फोटो का टैटू बनवा लेता है। अब एक फैन ने तो शाहरुख खान की फिल्म देखने के लिए पूरा का पूरा थिएटर ही बुक कर लिया है। शाहरुख खान का यह फैन मुंबई में रहता है और उसने मुंबई का गैटी गैलेक्सी थिएटर सुबह 9 बजे के लिए बुक कर लिया। बता दें कि इस थिएटर की खास बात यह है कि कोई भी फिल्म हो, लेकिन यहां पहला शो 12 बजे ही शुरू होता है, लेकिन थिएटर ने शाहरुख खान की फिल्म के लिए अपनी पॉलिसी में इस बार बड़ा बदलाव किया है। त्7 मल्टीप्लेक्स और मराठा मंदिर सिनेमा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज देसाई का कहना है कि यह बात सच है कि शाहरुख खान के फैन्स ने पूरे थिएटर को बुक कर लिया है। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग 12 बजे से पहले होगी और फैंस इसे देखेंगे। मनोज देसाई का कहना है कि फैंस ने शुक्रवार को 12 बजे से पहले शो शुरू करने की डिमांड की है, हालांकि पहला शो कितने बजे का होगा, इस बारे में अब तक उन्होंने पुख्ता जानकारी नहीं दी है। उनका कहना है कि फैन क्लब पहले शो के लिए थिएटर बुक करा चुके हैं।

पठान के साथ नहीं पहले ही रिलीज होगा तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर

नई दिल्ली, एजेंसी। तू झूठी मैं मक्कार ने रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की सिजलिंग केमिस्ट्री के साथ अपने अनोखे टाइटल की वजह से भी दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है। जबकि फिल्म ने अपने रिफ्रेशिंग फील, वाइब्रेंट सीन्स और रोम-कॉम के वादे के साथ युवाओं से कनेक्ट कर लिया है, इसने सभी की उम्मीदों को भी खूब बढ़ाया है और अब सब बेसब्री से फिल्म के ट्रेलर के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन लगता है कि फैन्स का यह इंतजार खत्म होने वाला है क्योंकि फिल्म के कलरफुल पोस्टर के साथ आज मेकर्स ने ट्रेलर के रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है।

कब रिलीज होगा ट्रेलर

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर तू झूठी मैं मक्कार के ट्रेलर को लेकर पहले खबर आई थी कि यह शाहरुख खान की फिल्म पठान के साथ थिएटर में रिलीज होगा। लेकिन अब नए पोस्टर के साथ मेकर्स ने बताया है कि यह ट्रेलर 23 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। ऐसे में अब हमें फिल्म के ट्रेलर के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हालांकि यह रिलीज के बाद भी पठान के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा।

मेकर्स ने नए पोस्टर संग किया ऐलान

कैसा है नया पोस्टर

यह नया पोस्टर फिल्म की दुनिया को जीवंत करता है, जो बहुत ही रंगीन, मजेदार और जीवन से भरपूर है। यह देखते हुए कि यह लव रंजन की फिल्म है, हम अंदाजा लगा सकते हैं कि फिल्म की कहानी घिसी-पिटी नहीं होगी। यहां तक कि आज के प्यार और रिश्ते भी कुछ भी हैं, लेकिन प्रेडिक्टेबल हैं। दर्शकों ने एक ट्रू ब्लू यूथ फिल्म के लिए कुछ समय तक इंतजार किया है और तू झूठी मैं मक्कार निश्चित रूप से इस पर खरी उतरने वाली है जो एक ऐसी दुनिया का वादा करती है जिससे आज के युवा खुद को जोड़ पाएंगे।

8 मार्च को होगी रिलीज

तू झूठी मैं मक्कार लव रंजन द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित किया गया है, वहीं टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा इसे प्रस्तुत किया हैं। यह 8 मार्च 2023 को होली के दिन दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

कभी बिस्किट तक खरीदने के नहीं थे पैसे, अब एक एक्शन फिल्म की फीस 7 लाख तक, टाइगर श्रॉफ के भी हैं मार्शल आर्ट गुरु

मुंबई,ईएमएस। 13 साल के एक बच्चे को एक परिचित काम दिलाने के बहाने कोलकाता से मुंबई लेकर आता है। मुंबई के दादर स्टेशन पर ट्रेन से उतरते ही उस बच्चे को अकेला छोड़कर वो शख्स गायब हो गया। इस बच्चे के पास ना खाने के पैसे थे, ना रहने के लिए ठिकाना। छोटे-मोटे काम करके गुजारा चलाया। अब ये ही बच्चा कुंग्फू में टाइगर श्रॉफ का गुरु है। नाम है राजू दास। राजू का फिल्मी दुनिया तक का सफर काफी दिलचस्प रहा। झारखंड में पैदा हुए। पिता काम के सिलसिले में परिवार को कोलकाता ले गए। पिता मिस्त्री थे। खासी गरीबी थी, सो स्कूल भी जा नहीं पाए। 9-10 साल की उम्र से ही चाय की दुकान पर काम करना शुरू कर दिया, मगर किस्मत में कुछ और था। धोखे से मुंबई आए तो यहां काम के साथ मार्शल आर्ट सीखा। कुछ साल ट्रेनिंग के बाद फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में दाखिल हुए। स्ट्रगल यहां भी कम नहीं था, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। कभी काम मिलता, कभी खाली रहते। फिर लोगों को सिखाना शुरू किया। टाइगर श्रॉफ को उनके बॉलीवुड डेब्यू के दिनों में कुंग्फू सिखाया। महज 12 हजार रुपए महीने में। अब राजू कई फिल्मों और वेब सीरीज में बतौर फाइट मास्टर काम कर रहे हैं। अब राजू कई फिल्मी हस्तियों और टीवी स्टार्स के एक्शन गुरु हैं। कई सेलेब्स कुंग्फू जैसे मार्शल आर्ट इनसे सीख रहे हैं। राजू सिखाने के लिए 75 हजार रुपए महीना तक लेते हैं। एक लो बजट फिल्म में एक्शन डायरेक्शन के 5 से 7 लाख रुपए चार्ज करते हैं।

अनंत- राधिका की इंगेजमेंट में भांजी के साथ पहुंचे सलमान

व्हाइट लहंगे में बेहद खूबसूरत दिखीं अलिजेह अग्निहोत्री, मामा-भांजी ने जमकर दिए पोज

मुंबई, ईएमएस। मुकेश अंबानी के बंगले एंटिलिया में अनंत और राधिका की ग्रैंड इनगेजमेंट सेरेमनी का आयोजन 19 जनवरी को किया गया। इस पार्टी में बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत कर पार्टी में चार चांद लगा दिया। सलमान खान भी अपनी भतीजी के साथ अनंत-राधिका को सगाई की बधाई देने पहुंचे थे। एक दौरान का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सलमान पूरे स्वैग में एंट्री करते हुए नजर आए।

अलिजेह के साथ पहुंचे सलमान

सगाई में सलमान खान अपनी बहन अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी अलिजेह के साथ पहुंचे थे। नेवी ब्लू सिल्क कुर्ते में सलमान खान हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे। उन्होंने इसे मैचिंग ट्राउजर के साथ पेयर किया था। वहीं, उनकी भतीजी अलिजेह ऑफ व्हाइट लंहगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी के साथ जमकर पोज भी दिए। दोनों को देखकर लग रहा था कि मामा-भांजी एक दूसरे के साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं।

बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं अलिजेह

बता दें, अलिजेह जल्दी ही बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधिया सिंह-बॉर्न टू रन के नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर सोमेंद्र पाधी के निर्देशन में उनकी पहली मूवी रिलीज होगी। अलिजेह ने 2022 में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू की थी और यह फिल्म 2023 में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सत्यमेव जयते | G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE | मध्यप्रदेश शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव | vibha

विज्ञान से विकास...

भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव

21-24 जनवरी, 2023

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ अमृतकाल की ओर अग्रसर

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

मुख्य आकर्षण

- आर्टिसन्स टेक्नोलॉजी विलेज
- इंटरनेशनल साइंस फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया
- मेगा साइंस एंड टेक्नोलॉजी एग्जीबिशन
- न्यू एज टेक्नोलॉजी शो
- स्टार्टअप कॉन्क्लेव
- स्टूडेंट्स इनोवेशन फेस्टिवल
- स्टूडेंट्स साइंस विलेज – 2022
- यंग साइंटिस्ट कॉन्फ्रेंस
- साइंस थ्रू गेम्स एंड टॉयज़
- साइंस लिटरेचर फेस्टिवल

और भी बहुत कुछ...

शुभारंभ

मुख्य अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. जितेन्द्र सिंह
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत सरकार

21 जनवरी, 2023 । पूर्वाह्न 10:30 बजे
मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट)
भोपाल

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

D-11203

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023